YouTube Subscribe Amar Bhaskar News @amarbhashkarnews Amar bhashkar



हिन्दी दैनिक

# अमर भास्कर

ज़िद सच की

उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, मध्यप्रदेश, झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ एवं उत्तराखंड में प्रसारित



स्पीकर पद के लिए आखिरी समय में बिगड़ गई बात....01 | Email- amarbhashkar21@gmail.com, www.amarbhashkar.in | योगी कैबिनेट का बड़ा फैसला, महिलाओं और बच्चों.......01

वर्षः 01 अंकः 350 | बदायूं, बुधवार 26 जून 2024 | पृष्ठ- 06 | मूल्य- 4.00 रूपये

## स्पीकर पद के लिए आखिरी समय में बिगड़ गई बात

**दिल्ली।** 18वीं लोकसभा के लोकसभा अध्यक्ष पद को लेकर एनडीए और इंडिया गठबंधन में रार मच गई है। आजादी के बाद पहली बार लोकसभा स्पीकर का चुनाव होने जा रहा है। विपक्षी गठबंधन ने भी स्पीकर पद के लिए अपना उम्मीदवार उतार दिया है। केरल से कांग्रेस सांसद के. सुरेश ने इंडिया गठबंधन उम्मीदवार बनाए गए हैं। के. सुरेश का मुकाबला एनडीए गठबंधन के उम्मीदवार ओम बिरला से होगा। बिरला 17वीं लोकसभा में भी अध्यक्ष रह चुके हैं। संसद में लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव बुधवार को होगा।




सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, मंगलवार सुबह लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए आम सहमति बनाने को लेकर विपक्षी नेताओं की केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह संसद में मुलाकात हुई। लेकिन इस बैठक में भी आम सहमति नहीं बन सकी। विपक्षी गठबंधन के नेताओं ने राजनाथ सिंह से कहा कि हम एनडीए उम्मीदवार के समर्थन के लिए तैयार हैं, लेकिन उपसभापति के पद का क्या होगा? विपक्षी गठबंधन की मांग पर राजनाथ सिंह ने कोई जवाब नहीं दिया।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार शांम को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोकसभा अध्यक्ष के नाम पर आम सहमति बनाने के लिए सभी विपक्षी दलों के नेताओं से संपर्क किया था। इसी दौरान उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से भी बात की थी। खरगे ने रक्षा मंत्री से कहा था कि हम एनडीए उम्मीदवार का समर्थन करेंगे। लेकिन ये समर्थन हम तभी देंगे, जब विपक्ष को उपसभापति का पद मिले। इस पर राजनाथ सिंह ने उन्हें फिर से कॉल करने की बात कही थी। सूत्रों के मुताबिक राजनाथ सिंह ने विपक्ष को उपसभापति पद की मांग पर कोई आश्वासन नहीं दिया।

मंगलवार सुबह लोकसभा अध्यक्ष के लिए आम सहमति बनाने को लेकर एक बार फिर विपक्षी नेताओं की रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात हुई। लेकिन इस बैठक में भी आम सहमति नहीं बन सकी। विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, बैठक में राजनाथ सिंह ने इंडिया गठबंधन के नेताओं को बताया कि स्पीकर के लिए हम ओम बिरला के नाम पर आप सभी का समर्थन चाहते हैं। इस पर विपक्षी गठबंधन के नेताओं ने कहा कि हम समर्थन के लिए तैयार हैं, लेकिन उपसभापति के पद का क्या होगा? वह पद विपक्षी गठबंधन को मिलना चाहिए। लेकिन विपक्षी गठबंधन की मांग पर राजनाथ सिंह ने कोई जवाब नहीं दिया। राजनाथ की तरफ से जवाब नहीं मिलने पर कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने उनसे कहा कि कल आपने कहा था कि हम डिप्टी स्पीकर को लेकर आपको मंगलवार सुबह बताएंगे। लेकिन अभी तक आपने बताया नहीं है। राजनाथ की तरफकोई ठोस जवाब नहीं मिलने के बाद केसी वेणुगोपाल और डीएमके नेता टीआर बालू राजनाथ सिंह के कार्यालय से बाहर आ गए।

## अरविन्द केजरीवाल को बड़ा झटका, अभी जेल में ही रहेंगे सीएम

### दिल्ली हाईकोर्ट का जमानत देने से इनकार

**दिल्ली।** हाईकोर्ट से अरविंद केजरीवाल को बड़ा झटका लगा है। ट्रायल कोर्ट के आदेश पर रोक की मांग वाली याचिका पर कोर्ट ने फैसला सुनाया। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अभी जेल में ही रहना पड़ेगा। हाईकोर्ट ने केजरीवाल को जमानत देने से इनकार कर दिया है।



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कोर्ट में ट्रायल कोर्ट के आदेश को दोषपूर्ण बताते हुए कहा था कि केजरीवाल को राहत नहीं मिलनी चाहिए। केजरीवाल को निचली अदालत ने 20 जून को जमानत दी थी। 21 जून को प्रवर्तन निदेशालय ने मुख्यमंत्री को जमानत दिए जाने को चुनौती देते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख किया। इस बीच, केंद्रीय जांच एजेंसी ने निचली अदालत के फैसले पर रोक लगाने के लिए तत्काल आवेदन दायर किया।

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को तत्काल राहत देने से इनकार कर दिया है। जस्टिस मनोज मिश्रा और एसवीएन भट्टी की अवकाश पीठ ने कहा कि हाईकोर्ट को अपना आदेश देने दीजिए। हम आपको 26 जून को सुनेंगे।

इससे पहले सुप्रीम कोर्ट में केजरीवाल की ओर से पेश हुए अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कथित आबकारी घोटाले से जुड़े ईडी के मामले में जमानत आदेश पर उच्च न्यायालय की रोक हटाने का अनुरोध किया। ईडी की ओर से पेश एएसजी एसवी राजू ने केजरीवाल की याचिका का विरोध किया और कहा कि हाईकोर्ट उनकी रोक याचिका पर फैसला सुनाने वाला है। दरअसल, राउज एवेन्यू कोर्ट ने 20 जून को केजरीवाल को जमानत दे दी थी, लेकिन हाईकोर्ट ने बीते शुक्रवार को इस पर अंतरिम रोक लगा दी।

## एक नजर

### पेपर लीक में दोषी पाए जाने पर आजीवन कारावास और लगेगा एक करोड़ का जुर्माना

**लखनऊ।** यूपी में सिपाही भर्ती परीक्षा और आरओ-एआरओ परीक्षा में हुए पेपर लीक को देखते हुए योगी सरकार उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अध्यादेश 2024 लेकर आएगी। इसके तहत पेपर लीक में दोषी पाए जाने पर आजीवन कारावास तक और एक करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। इस प्रस्ताव को योगी कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। वहीं, पेपर लीक या अन्य कारणों से परीक्षा प्रभावित होती है तो उस पर आने वाले खर्च की भरपाई सॉल्वर गैंग से वसूली कर की जाएगी। साथ ही परीक्षा में गड़बड़ी करने वाली कंपनियों और सेवा प्रदाताओं को हमेशा के लिए ब्लैक लिस्ट किया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में 44 प्रस्तावों पर सहमति दे दी गई है। बैठक में प्रदेश के तीन बड़े शहरों वाराणसी, गोरखपुर और प्रयागराज के सीमा विस्तार को मंजूरी दे दी गई है।

## योगी कैबिनेट का बड़ा फैसला, महिलाओं-बच्चों के विरुद्ध अपराध करने वालों को अब अग्रिम जमानत नहीं

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश में महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराध करने वालों को अग्रिम जमानत नहीं मिल सकेगी। केंद्र सरकार के नए आपराधिक कानूनों में अग्रिम जमानत के प्रावधानों के दृष्टिगत राज्य सरकार संशोधन अध्यादेश लेकर आई है। मंगलवार को कैबिनेट में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (उत्तर प्रदेश संशोधन) अध्यादेश 2024 के प्रारूप को मंजूरी दे दी गई। राज्यपाल की सहमति के बाद गृह विभाग इसकी अधिसूचना जारी करेगा।



वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि गिरफ्तारी की आशंका वाले व्यक्ति की अग्रिम जमानत मंजूर करने के लिए भारतीय सुरक्षा संहिता 2023 में प्रावधान किए गए हैं। इसमें उप्र राज्य की विशिष्ट परिस्थितियों के दृष्टिगत संशोधन किया जाना जरूरी है। इसके लिए राज्य सरकार अध्यादेश लेकर आई है। इसमें प्रदेश सरकार की महिलाओं व बच्चों के विरुद्ध अपराधों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति की वजह से अग्रिम जमानत नहीं होने का प्रावधान किया गया है। इससे महिलाओं और बच्चों के मन में राज्य व विधि की सत्ता के प्रति अटूट विश्वास उत्पन्न किया जा सकेगा।

अग्रिम जमानत नहीं मिलने से यौन अपराधों की विवेचना और जैविक व वैज्ञानिक साक्ष्यों का जल्द संकलन किया जा सकेगा। इसके अलावा पीड़ित अथवा पीड़िता के भय, दबाव आदि की संभावना का निराकरण भी हो सकेगा। इसके तहत पॉक्सो अधिनियम, बलात्कार से संबंधित धारा 64, 65, 66, 68, 69, 70 व 71 के मामले भी शामिल किए गए हैं। अध्यादेश में देश अथवा सरकार विरोधी गतिविधियों (यूएपीए एक्ट), अवैध धर्मांतरण, मादक पदार्थों की तस्करी, संगठित अपराध, ऑफिशियल सीक्रेट एक्ट को भी शामिल किया गया है। इन मामलों के आरोपियों को भी अग्रिम जमानत नहीं मिल सकेगी।

## मायावती बोलीं- सत्ता पक्ष और विपक्ष आपस में मिले हुए हैं

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि सत्ता पक्ष और विपक्ष आपस में मिले हुए हैं। वो संविधान बचाने का नाटक कर रहे हैं। दोनों ही पक्षों में ज्यादातर लोग जातिवादी मानसिकता के हैं। मायावती ने कहा कि ये लोग आरक्षण को खत्म कर देना चाहते हैं। उन्होंने सपा को निशाने पर लेते हुए कहा कि सपा सरकार ने यूपी में प्रमोशन में आरक्षण को खत्म किया था। ये लोग जाति जनगणना नहीं कराना चाहते हैं। मायावती ने कहा कि अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए ये दोनों (सत्ता पक्ष और विपक्ष) ही भारतीय संविधान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं ये कतई उचित नहीं है। इन दोनों ने अंदर-अंदर मिलकर संविधान में इतने संशोधन कर दिए है।




## हादसाः ट्रक से टकराई कार, गोरखपुर महानगर कांग्रेस अध्यक्ष की मौत

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**लखनऊ।** यूपी के गाजीपुर स्थित बिरनो थाना क्षेत्र के डाड़ी टोल प्लाजा के पास सोमवार की रात चालक को झपकी आने से तेज रफ्तार अनियंत्रित कार सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से टकरा गई। हादसे में गोरखपुर महानगर कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष की मौत हो गई। पत्नी व दो पुत्रियां घायल हो गईं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायलों का उपचार वाराणसी ट्रामा सेंटर पर चल रहा है।



मंगलवार को कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी। गोरखपुर के रामगढ़ताल थाना के बड़गांव रानीबाग निवासी व महानगर अध्यक्ष आशुतोष तिवारी (44) पत्नी रंजना तिवारी (40) पुत्री अदिति (17) और उन्नती (15) के साथ कार से विंध्याचल देवी दर्शन व पूजा करने गए थे। दूसरे कार में उनके मित्र अपने परिवार के साथ थे। वापस लौटते समय दोनों मित्रों ने परिवार के साथ खाना और पुनरू गोरखपुर के लिए रवाना हो गए।

टोल प्लाजा से मित्र की कार आगे निकल गई। इधर चालक अमन को अचानक झपकी आ जाने से कार सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से जाकर टकरा गई। हादसे के बाद चालक फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल आशुतोष तिवारी, उनकी पत्नी व दो पुत्रियों को उपचार के लिए मेडिकल कालेज अस्पताल लेकर आए। जहां डॉक्टरों ने आशुतोष तिवारी को मृत घोषित कर दिया। वहीं उनकी पत्नी व पुत्रियों को उपचार के लिए ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

इधर घटना की जानकारी होते ही कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी। इस संबंध थानाध्यक्ष अशोक मिश्रा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक के मामा सुधीर शुक्ला की तहरीर पर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## खत्म हुआ इंतजार... यूपी में मानसून ने किया प्रवेश, अच्छी बारिश के आसार

**लखनऊ।** आखिरकार इंतजार खत्म हो गया। यूपी में मानसून की एंट्री हो गई है। कल से प्रदेश में अच्छी बारिश के आसार हैं। अगले कुछ दिनों में मानसून पूरे प्रदेश में छा जाएगा। इसकी घोषणा मंगलवार को मौसम विभाग ने की है।



दक्षिण पश्चिम मानसून लगातार आगे बढ़ रहा है। इस क्रम में यह आज गुजरात और मध्य प्रदेश के कुछ और हिस्सों तथा दक्षिणी पूर्वी राजस्थान और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सुदूर दक्षिण भाग में आगे बढ़ा और यूपी में ललितपुर से दाखिल हुआ। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह और मोहम्मद दानिश के मुताबिक, कल से प्रदेश में अच्छी बारिश की उम्मीद जताई जा रही है। मानसून के पूरे प्रदेश में फैसले से भीषण गर्मी से राहत मिलेगी।

इसके पहले सोमवार को राजधानी लखनऊ समेत यूपी के ज्यादातर जिलों में प्री- मानसूनी बरसात हुई। इसके बाद मौसम खुशगवार हो गया। सोमवार को लखनऊ में 7.1 मिमी, वाराणसी में 14 मिमी से अधिक पानी बरसा। अलीगढ़ में 10.2 मिमी बरसात रिकार्ड हुई। बाराबंकी, गोरखपुर, बहराइच, फतेहगढ़, बरेली, मेरठ, आगरा समेत प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में कहीं तेज तो कहीं हल्की बरसात हुई।

बारिश के कारण पारे पर भी असर दिखाई दिया। कहीं-कहीं तो पारा 35 डिग्री से नीचे पहुंच गया। नजीबाबाद में 33 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया दिन का तापमान। सुल्तानपुर, कानपुर, वाराणसी, लखनऊ, बस्ती, झांसी और इटावा में पारा 40 से 42 डिग्री के बीच रहा। शेष हिस्सों में 40 से नीचे बना रहा। पारे में मामूली उतार-चढ़ाव जारी रहने के आसार हैं। मई और जून के महीने में गर्मी ने पुराने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए। झांसी, प्रयागराज और कानपुर सहित कई जिलों में पारा 50 डिग्री सेल्सियस के ऊपर चला गया। हालांकि, प्रदेश के कई जिलों में हुई बूंदाबांदी ने लोगो को राहत दी पर ज्यादातर समय पूरा प्रदेश भीषण गर्मी की चपेट में रहा।

## पत्नी के साथ बदसलूकी करने वाले आईपीएस अंकित मित्तल निलंबित

**लखनऊ।** महिला मित्र से संबंधों को लेकर विवादों के घेरे में आए वर्ष 2014 बैच के आईपीएस अंकित मित्तल को शासन ने निलंबित कर दिया है। उन्हें बीते वर्ष इस मामले की शिकायत के बाद एसपी गोंडा के पद से हटाकर आरटीसी चुनार भेजा गया था। शासन ने पत्नी के साथ बदसलूकी के आरोप सही पाए जाने पर उन्हें निलंबित कर दिया है। बता दें कि पूर्व डीजी गोपाल गुप्ता के दामाद अंकित मित्तल पर अपनी पत्नी और बच्चों के साथ बदसलूकी करने का आरोप लगा था। इसकी वजह महिला मित्र के साथ उनके संबंध बताया गया था।उनकी पत्नी ने शासन को भेजी अपनी शिकायत में बदसलूकी करने का आरोप लगाया था। शासन के निर्देश पर बीते देवीपाटन के मंडलायुक्त ने जांच कर अपनी रिपोर्ट सौंपी थी जिसके बाद 16 दिसंबर 2023 को शासन ने उनका तबादला चुनार कर दिया गया था। वहीं, शासन ने विभागीय जांच शुरू करते हुए डीजी प्रशिक्षण से पूरे प्रकरण पर रिपोर्ट मांगी थी।

अमर भास्कर
अमर भास्कर
आवश्यकता है-
अमर भास्कर
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र एवं न्यूज चैनल)
को पूरे देश में प्रदेश स्तर, मण्डल स्तर
जिला स्तर, तहसील स्तर, ब्लॉक एवं थाना स्तर पर
अनुभवी एवं शिक्षित संवाददाता एवं विज्ञापन प्रभारियों की।
संपर्क करें:-
मोबा. 9411214614, 9058143211, 7599339198
ऑफिस:-
निकट होटल रिजेन्सी, लावेला चौक, बदायूँ (उ.प्र.)- 243601
www.amarbhashkar.com
Email- amarbhashkar21@gmail.com

# विकास को प्राथमिकता दें अधीनस्थ अधिकारी: कमिश्नर

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** मण्डलायुक्त अलीगढ़ चौत्रा वी. की अध्यक्षता में कर–करेत्तर, राजस्व वसूली, शासन की सर्वोच्च विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों व निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया।

कमिश्नर चौत्रा वी. ने रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने, ग्रामों का ऊर्जीकरण, ट्रान्सफार्मर का प्रतिस्थापन, कृषि विभाग के अन्तर्गत खाद व बीज की उपलब्धता एवं वितरण, ग्राम विकास के अन्तर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं शहरी, बाल विकास एवं पुष्टाहार की योजनाओं की गहन समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि जन कल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रमों से लाभांवित लाभार्थियों का सत्यापन कराते हुए सुनिश्चित कराएं कि पात्र एवं जरूरतमंद को ही लाभ प्राप्त हुआ है। इसके साथ ही उन्होंने आईजीआरएस, मुख्यमंत्री पोर्टल, जनता दर्शन एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का भी समय सीमा के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने एवं शिकायतकर्ता को संतुष्ट करने के निर्देश दिए।




डीएफओ ने बताया कि जिले में 41 लाख 81 हजार पौधरोपण के सापेक्ष पर्याप्त संख्या में फलदार, छायादार, जंगली एवं औषधीय पौध उपलब्ध है। मण्डलायुक्त ने कहा कि जनप्रतिनिधियों एवं जनभागीदारी सुनिश्चित करते हुए वृहद वृक्षारोपण कराया जाए। मण्डलायुक्त ने सोलर सूर्य घर योजना का प्रचार प्रसार कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में मधुमक्खी पालन की असीम संभावनाएं हैं, इस बारे में सार्थक प्रयास कर जरूरतमंदों को लाभ दिलाया जाए।

विद्युत आपूर्ति एवं ट्रांसफ्सर प्रतिस्थापन की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने प्रतिदिन की सूचना जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लंबित आरसी की वसूली एवं विद्युत बोर्ड में लंबित वादों का निस्तारण कराया जाए। उन्होंने कहा कि 3 माह के भीतर पूरी होने वाली निर्माण परियोजनाओं को जल्द से जल्द पूरा कराते हुए इन्वेंट्री दे दें, ताकि उनका लोकार्पण समय से कराया जा सके। निजी एवं शासकीय एम्बुलेंस की परिवहन विभाग द्वारा जांच कराई जाए। अस्पताल आए प्रत्येक मरीज का समुचित इलाज किया जाए। डीपीआरओ ने बताया कि सभी 852 ग्राम पंचायतों में निचले स्तर की योजनाओं की ग्राम प्रधान एवं सचिव स्तर पर समीक्षा की जा रही है। जिले में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 81 ग्राम पंचायतों का चयन कर स्वच्छ्ता ऑडिट करते हुए डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन करते हुए स्वच्छता शुल्क भी लिया जा रहा है।

पर्यटन विभाग में 4 योजनाओं का संचालन किया जाना बताया गया। एमडीएम की गुणवत्ता की जांच खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा कराई जाए। सीवीओ को निर्देशित किया गया कि छुट्टा जानवर सड़कों पर घूमता न पाया जाए। आकस्मिक दुर्घटनाओं को रोकने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। कन्या सुमंगला योजना में डीपीओ को सत्यापन के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गये। ण्डलायुक्त द्वारा 50 लाख से अधिक लागत वाली परियोजनाओं में राजकीय निर्माण निगम, सीएनडीएस, जल निगम, यूपीपीसीएल, सिडको, आवास विकास, लोनिवि प्रांतीय खण्ड, निर्माण खण्ड, सेतु निगम, जल निगम नगरीय, यूपी आरएनएसएस, पुलिस आवास निगम के कार्यों के साथ ही सड़क निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई।

उन्होंने एसडीएम तहसीलदारों को निर्देशित किया कि 5 वर्ष के ऊपर के कोर्ट मामलों का निस्तारण कराएं। आईजीआरएस, तहसील दिवस के निस्तारण संतोषजनक सुस्पष्ट तथ्यों के आधार पर करें। ग्रेडिंग का ध्यान रखें। जमीन सबंधी मामलों, विवादों का निस्तारण में पूरी पारदर्शिता के साथ किया जाए।

## जोहेब उल्लाह खान ने औरंगजेब के परिवार से की मुलाकात



**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** सपा से दो बार के पूर्व विधायक हाजी जमीरउल्लाह खान के बेटे जोहेब उल्लाह खान ने मोब्लिंचिंग के शिकार मृतक औरंगजेब के परिवार से मुलाकात की इस अवसर पर जोहैब उल्लाह खान ने कहा कि दु:ख की इस घड़ी में हम हर तरह से परिवार के साथ हैं इंसाफ दिलाने के लिए भी हम साथ खड़े हैं और अपने सभी साथियों को लेकर इस पर रणनीति बनाई जाएगी की आगे किस तरह काम करना है। इस अवसर पर जोहेब उल्लाह खान, सलमान इम्तियाज, मुश्ताक अहमद, इमरान खान, पार्षद पति रियासत सिद्दीकी, पार्षद पति सुफ़्यान अंसारी, पार्षद हफीज अब्बासी, इमरान घोसी, अख्तर अंसारी, रिजवान अंसारी, फरमान खान, हफीज वारसी आदि लोग लोग मौजूद रहे।

# प्रॉपर्टी डीलर राजीव राणा ने बढ़ाई मुश्किल

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**बरेली।** जिले के पीलीभीत बाईपास किनारे प्लॉट पर कब्जे को लेकर हुए बवाल के बाद वायरल वीडियो में प्रॉपर्टी डीलर राजीव राणा ने इज्जतनगर थाना प्रभारी रहे इंस्पेक्टर जयशंकर सिंह को निर्दोष बताया है। इससे निलंबित हुए जयशंकर सिंह की परेशानी और बढ़ सकती है। राणा के मुताबिक इंस्पेक्टर ने कहा था कि आप जाकर कब्जा लो, बाकी हम देख लेंगे। इससे भूमि पर कब्जा लेने की प्रक्रिया को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं।



इसके लिए बाकायदा फीस जमा करके कानूनी प्रक्रिया अपनाई जाती है। वीडियो बयान में कई ऐसे झोल हैं जो खुद राजीव की भी परेशानी बढ़ा सकते हैं। मसलन, उसके पास कब्जा करने के वैध आदेश थे। इन्हें लेकर वह इंस्पेक्टर के पास पहुंचा। वहां इंस्पेक्टर ने कह दिया कि आपके कागज सही हैं। आप जाकर कब्जा ले लो, कोई दिक्कत होगी तो हम देख लेंगे। पुलिस भी मौके पर थी। कब्जा शांतिपूर्वक तरीके से लिया जा रहा था पर दूसरे पक्ष ने अचानक फायरिंग करके माहौल खराब कर दिया।

इस लिहाज से देखा जाए तो राजीव अपने वीडियो बयान में जहां खुद फंस रहा है, वहीं इंस्पेक्टर की गर्दन फंसाने का भी इंतजाम कर दिया है। सिविल मामलों के वरिष्ठ अधिवक्ता संजीव शंखधार ने बताया कि न्यायालय अपने आदेश में कब्जा करने वाले को कब्जा छोड़ने के लिए एक निश्चित समय देता है। यदि वह समय निकल जाता है तो न्यायालय द्वारा कब्जा लेने के लिए निष्पादन वाद दायर किया जाता है। निष्पादन वाद के माध्यम से न्यायालय अमीन और पुलिस की सहायता से वादी डिग्रीधारी को दखल दिलाता है। पुलिस सहायता लेने के लिए डिग्रीधारक को फीस भी जमा करनी पड़ती है। कब्जा दिलाने के बाद अमीन इसकी सूचना न्यायालय को देता है।

## खाली प्लाट में पानी भर जाने से तीन मवेशियों डूबे

**अलीगढ़।** थाना गांधी पार्क क्षेत्र विकास नगर में बारिश के कारण नाले की बाउण्ड्री टूट जाने के कारण एक प्लाट में पानी भर जाने से तीन बेजुबान मवेशियों की डूब जाने के कारण जान चली गयी। स्थानीय लोगों ने इसके लिए नगर निगम को जिम्मेदार ठहराया और लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर आक्रोश व्यक्त करते हुए जमकर हंगामा किया। लोगों द्वारा किये जा रहे हंगामें की जसनकसरी पर पुलिस भी पहुंच गयी और हंगामा कर रहे लोगों को समझाकर मामलाल शंत कराया।

## एसडीएम खैर किए प्रेक्षक नियुक्त

**अलीगढ़।** जिला निर्वाचन अधिकारी नगर निकाय विशाख जी० ने बताया है कि नगर पालिका परिषद खैर के वार्ड संख्या 01 पटपर नगला के रिक्त सदस्य पद पर उप निर्वाचन संपन्न कराया जा रहा है। उन्होंने बताया है कि उप निर्वाचन के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट खैर महिमा राजपूत को प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। नियुक्त प्रेक्षक राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशन में संपन्न कराए जा रहे उप निर्वाचन के दौरान होने वाले मतदान एवं मतगणना की सबंधी तैयारियों के संबंध में रिटर्निंग ऑफिसर एवं अन्य संबंधित अधिकारियों से समीक्षा करेंगे।

वह निर्वाचन क्षेत्र में भ्रमण करेंगे और मतदान संबंधी समस्त तैयारियों का निरीक्षण कर स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से मतदान के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कराएंगे। मतदान के दिन निर्वाचन क्षेत्र में व्यापक भ्रमण कर मतदान को शांतिपूर्ण स्वतंत्र ढंग से संपन्न करने के लिए पर्यवेक्षण कार्य भी करेंगे।

# पुलिस ने तीन चोरों को गिरफ्तार कर बरामद की सात किलो चांदी

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**हाथरस।** थाना सादाबाद मनीष कुमार निवासी ग्राम गढी अन्ता थाना सादाबाद जनपद हाथरस द्वारा सूचना दी कि वह दिनांक 12.06.24 को आगरा मंडी से कस्बा मई आया और मई से अपनी स्कूटी से घर जा रहा था, ताजपुर रोड पर समय करीब 17.00 बजे रोड किनारे स्कूटी खडी करके पेशाब करने गया तभी मेरी स्कूटी को अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गये। जिसके संबंध में वादी की प्राप्त लिखित तहरीर के आधार पर थाना सादाबाद पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था।



पुलिस अधीक्षक हाथरस द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए अपर पुलिस अधीक्षक हाथरस के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सादाबाद के नेतृत्व में घटना के अनावरण एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन कर थाना प्रभारी सादाबाद को निर्देशित किया गया था तथा एसओजी व सर्विलॉस टीम को भी लगाया गया था । जिसके क्रम में दिनांक 24.06.24 को थाना सादाबाद पुलिस टीम के कठिन परिश्रम व अथक प्रयासोपरान्त धरातलीय साक्ष्य, टैक्निकल इंटेलिजेन्स व प्राप्त अन्य लाभप्रद सूचनाओं के संकलन से चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना कारित करने वाले 03 अभियुक्तों को बलदेव रोड गढ उमराव बम्बे के पास से गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से चोरी हुई 07 किलो 604 ग्राम कच्ची चाँदी, 02 आधार कार्ड व घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल स्पलेंडर प्लस बरामद हुई है।

अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सादाबाद पुलिस द्वारा विधिपूर्ण कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तगणों द्वारा पूछताछ पर अपने जुर्म का इकबाल करते हुए बताया कि उन्होने दिनांक 12.06.2024 की सांय को ताजपुर रोड से वादी की स्कूटी चोरी की थी।

गिरफ्तार अभियुक्त अजय उपरोक्त द्वारा पूछताछ पर बताया गया कि वह वादी के ताऊ का लडका है तथा वादी के पास की घुंघरू बनाने का कार्य करता है, वह पढा लिखा नही है तथा अविवाहित है । उसकी मौसी आगरा में रहती है, जिस कारण उसका आगरा आना–जाना रहता है वहीं पर उसकी दोस्ती अभियुक्त अरविन्द व अभियुक्त अभिषेक के साथ हुई थी। अभियुक्त अजय को वादी के चांदी लेकर आने–जाने की पूरी जानकारी रहती थी, इसलिए उसने सहभियुक्त अरविन्द व अभिषेक के साथ मिलकर चोरी की योजना बनाई तथा योजनानुसार स्कूटी चोरी की थी।

# समीक्षा बैठक में सीडीओ ने जल संरक्षण का बताया महत्व

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**फिरोजाबाद।** मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन ने जनपद के जल संरक्षण व भू जल संवर्द्धन के लिए आज मंगलवार को कलैक्ट्रेट सभागार में सभी सम्बन्धित ब्लॉक व जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ कैच द रैन की बैठक कर दिए निर्देश दिए।



बैठक के दौरान उन्होने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा जल संरक्षण के लिऐ चलाये जा रहे जल शक्ति अभियान के कैच द रैन व नारी शक्ति से जल शक्ति थीम के साथ जनपद में जल संरक्षण व भूजल के समुचित उपभोग को प्रोत्साहन देने के लिऐ जिला प्रशासन द्वारा जन भागीदारी को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया है। उन्होने बताया कि केन्द्र व राज्य सरकार जल संरक्षण के लिऐ चिन्ताशील है और इस दिशा में भूजल पर निर्भर्ता कम करने व भूजल पुर्नभरण हेतु वर्षा जल संरक्षण के बेहतर क्रियान्वयन के लिऐ तेजी से कार्य कर रही है।

वर्तमान में जनपद के विकास खण्ड फिरोजाबाद, टुण्डला, शिकोहाबाद, नारखी एवं हाथवन्त अतिदोहित श्रेणी में, विकास खण्ड अरांव क्रिटिकल व विकास खण्ड एका, जसराना एवं मदनपुर सेमी क्रिटिकल श्रेणी में है। जनपद में पिछले कई वर्षों से भूजल गहराता जा रहा है। बैठक के दौरान उन्होने बताया कि जल संरक्षण हेतु जिलाधिकारी के निर्देशन में जनपद फिरोजाबाद में विगत वर्ष 2022–23 के दौरान जल संरक्षण व भूजल संवर्धन के लिए 521 तालाबों का मनरेगा योजना के तहत जीर्णोद्वार, 224 तालाबों को मनरेगा योजना के माध्यम से अमृत सरोवर के रूप में विकसित किया गया।

# कुंभ के पहले तैयार हो जाएगा गंगा एक्सप्रेस–वे

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**प्रयागराज।** जिले में अगले साल जनवरी में आयोजित होने वाले महाकुंभ के मद्देनजर शासन स्तर पर जहां सुरक्षा इंतजाम को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं, वहीं मेरठ से प्रयागराज तक बनने वाले गंगा एक्सप्रेस–वे का निर्माण कार्य भी तेज गति से चल रहा है। यूपीडा के अधिकारियों के मुताबिक इस साल दिसंबर तक इस एक्सप्रेस–वे पर यातायात शुरू हो जाएगा।



इस बाबत औद्योगिक मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' के दिशा–निर्देशन में यूपीडा के अधिकारी लगातार स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति पर नजर रखे हुए हैं।जनवरी 2025 में होने वाले कुंभ से पहले इस एक्सप्रेस–वे के तैयार होने से राजधानी दिल्ली और उत्तर प्रदेश के दूसरे क्षेत्रों से महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं व अन्य लोगों को सहूलियत होगी। विभागीय मंत्री नंदी का कहना है कि लोगों की सुविधा के लिए इसे दिल्ली से आ रहे यमुना एक्सप्रेस–वे के साथ ही पूर्वांचल और आगरादूलखनऊ एक्सप्रेस–वे से भी जोड़ा जाएगा।

प्रदेश के सबसे लंबे एक्सप्रेस–वे में शुमार गंगा एक्सप्रेस–वे के बनने से यूपी के ग्रामीण क्षेत्रों को भी बहुत फायदा होगा। इसके तहत गंगा के किनारे बसे गांव शहरों से जुड़ जाएंगे। मंत्री नंदी ने बताया कि इस एक्सप्रेस–वे के किनारे 150 हेक्टेयर क्षेत्रफल में मेरठ, हापुड़, बरेली, मुरादाबाद, हरदोई, लखनऊ, कानपुर और प्रयागराज में औद्योगिक गलियारा भी बनाया जा रहा है।

उद्योगों के साथ ही यहां लाजिस्टिक हब व वेयरहाउस बनेंगे। मेरठ से शुरू होने वाला गंगा एक्सप्रेस–वे यूपी के कुल एक दर्जन जिलों से होकर गुजरेगा। यह एक्सप्रेस–वे हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ होते हुए प्रयागराज में समाप्त होगा। यूपीडी के अफसरों के मुताबिक इसकी लंबाई 594 किलोमीटर है।

## युवक पर लगाया छेड़खानी का आरोप

**अलीगढ़।** अकराबाद थाना कोतवाली क्षेत्र के एक ग्राम में जंगल में शौच करने गई किशोरी से युवक ने की छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक आज सोमवार को पीड़िता के भाई ने पुलिस को भी तेरी में लिखा है कि रविवार शाम उसकी बहन शौचालय के लिए जंगल में गई थी तभी गांव का एक युवक पहुंच गया तथा बहन से बदतमीजी करते हुए छेड़खानी की। इस दौरान बहन ने मां को आवाज लगाई, जिस पर मां ने उसे रोका तो उसके अन्य परिजन भी आधमके। सभी ने मां के साथ लात घुसो से मारपीट कि। इधर कार्यवाहक थाना प्रभारी दुलीचंद यादव ने बताया कि आरोपी रवि, सचिन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कारवाई कि जा रही है।

# जिलाधिकारी ने किया सीएचसी का निरीक्षण

**हाथरस।** जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सादाबाद का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वार्ड मे भर्ती मरीजों से वार्ता कर उनका हाल–चाल पूछा। इसी क्रम में उन्होंने ओपीडी, आईपीडी, परिवार नियोजन परामर्श कक्ष, ओपरेशन थियेटर, पैथोलोजी कक्ष इत्यादि का निरीक्षण कर तैनात चिकित्सकों को आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाऐं मुहैया कराने तथा आवश्यकतानुसार जाँच करने के निर्देश दिए।



उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सादाबाद में नवनिर्मित न्यूबोर्न सिक यूनिट में दी जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में व्यापक प्रचार प्रसार कराने के निर्देश दिये। जिससे कि अधिक से अधिक आमजनमानस इसका लाभ उठा सकें। मुख्य चिकित्साधिकारी डा० मनजीत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सादाबाद में गर्भवती महिलाओं के प्रसव हेतु चिकित्सक तैनात हैं। निरीक्षण के दौरान डा० राजीव गुप्ता, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, आरसीएच, डा० दानवीर सिंह, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, न्यूबोर्न सिक यूनिट में तैनत डा० प्रभास उपाध्याय, चिकित्साधिकारी, यूनीसेफ से अमृतान्शुराज, बलवीर सिंह वर्मा, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, बीपीएम एवं स्टाफनर्स मौजूद रहें।

## फारूक अहमद डार को किया सम्मानित

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के अजमल खान तिब्बिया कॉलेज के तशरीह वा मुनाफेउल आजा विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर, लेफ्टिनेंट डॉ. फारूक अहमद डार, जो 8 यूपी बटालियन में एनसीसी अधिकारी के रूप में भी कार्यरत हैं, ने ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी, काम्पटी में रैंक एडवांसमेंट रिफ्रेशर कोर्स पूरा किया है। भारत के विभिन्न विश्वविद्यालयों और कॉलेजों से आए 120 अधिकारियों के बीच डॉ. डार मेरिट के क्रम में पहले स्थान पर रहे और उन्हें इस उपलब्धि के लिए कमांडेंट ओटीए मेजर जनरल केजेएस राठौर से प्रशंसा भी प्राप्त हुई।

डॉ. डार को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए 8 यूपी बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अजय लुंबा ने कहा कि यह 8 यूपी बटालियन, ग्रुप मुख्यालय अलीगढ़ और विश्वविद्यालय के लिए गौरव का क्षण है। कमीशन प्राप्त करने के बाद डॉ. डार को कैप्टन का पद दिया जाएगा।

# घर में बन रहे थे अवैध असलहे, एक गिरफ्तार



**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**मथुरा।** जिले में शस्त्र फैक्ट्री पर छापामार कार्रवाई की। घर के अंदर अवैध असलाह बनाते हुए शस्त्र कारीगार दिगंबर को दबोच लिया। आरोपी के घर से पुलिस ने बने, अधबने शस्त्र और उनको बनाने के उपकरण बरामद किए हैं।

एसपी ग्रामीण त्रिगुण विशेन ने बताया कि गोवर्धन थाना पुलिस को देवसेरस गांव में अवैध शस्त्र फैक्टरी संचालित होने की सूचना मिली। इस पर थाना प्रभारी विनोद बाबू मिश्र के साथ एसआई अनुज तिवारी व सुरेंद्र कुमार समेत एक दर्जन पुलिस कर्मियों ने छापा मारा। पुलिस टीम जब दिगंबर के यहां पहुंची तो वह अवैध शस्त्र बनाता मिला। पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया। कड़ाई से पूछताछ की तो उसके यहां से दो पौनिया और दो अवैध तमंचा, चार कारतूस, एक खोखा बरामद हुआ है। एक पन्नी में आग जलाने वाला कोयला, लोहे की आठ नाल, दो तमंचा की नाल, एक आरी ब्लेड सहित, एक हैंड ब्लोअर, एक ड्रिल मशीन, एक अधबना तमंचा, दो लोहे की प्लेटें, दो लकड़ी के पटले आदि बरामद किए।

## बिजली गिरने से तीन की लोगों की मौत

**गौरीगंज।** भीषण गर्मी के बीच मंगलवार को गौरीगंज तहसील क्षेत्र के तीन अलग–अलग गांवों में बूंदाबांदी के बीच बिजली गिरने से दो युवकों सहित तीन लोगों की जान चली गई। पुलिस ने तीनों मामलों में शवों को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। राजस्व विभाग ने टीमों को जांच के लिए भेजा है।

गौरीगंज तहसील इलाके में जामो थाना क्षेत्र के सुब्बा पांडेय का पुरवा मजरे रामशाह नाऊपुर गांव निवासी मुकेश पासी मंगलवार को खेत गया था। जहां बूंदाबांदी के बीच बिजली गिरी। जिससे उसकी मौत हो गई। दूसरी घटना इसी क्षेत्र के लोरिकपुर गांव में हुई। यहां के निवासी रंजीत कुमार की भी बिजली गिरने से जान चली गई। सूचना के बाद जामो पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। राजस्व टीम भी जांच के लिए पहुंच गई।

## कैंसर पीड़ित बच्चा एक दिन के लिए बना एडीजी

**वाराणसी।** एडीजी जोन वाराणसी पीयूष मोर्डिया ने मंगलवार को कैंसर पीड़ित 9 वर्षीय प्रभात रंजीत कुमार भारती को अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन का कार्यभार ग्रहण कराया। इस दौरान एडीजी जोन कार्यालय के सभी अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। पुलिस कर्मियों ने एक दिन के लिए एडीजी बने प्रभात को सलामी दी।

एडीजी जोन पीयूष मोर्डिया ने कहा कि बाबा विश्वनाथ से प्रार्थना है कि बच्चा स्वस्थ हो। बच्चे के उत्साहवर्धन के लिए सारी कवायद की गई है। एक दिन कार्यभार संभालते हुए प्रभात रंजीत कुमार भारती ने अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। साथ ही मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों ने एडीजी का कार्यभार संभाल रहे नौ साल के बच्चे को सैल्यूट के साथ सभी निर्देशों का पालन करने के लिए आश्वस्त किया।

# करंट से बड़े भाई की बचाई जान, कुछ देर बाद हार्ट अटैक से छोटे भाई की मौत

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** जिले के उद्यैती थाना क्षेत्र के गांव सरैरा में बड़े भाई को बचाने की कोशिश में छोटे भाई की हार्टअटैक से जान चली गई। मंगलवार सुबह बड़ा भाई पंखा ठीक कर रहा था। तभी उसको बिजली का करंट लग गया। छोटे भाई 29 वर्षीय जितेंद्र ने उसे बचाने की कोशिश की। वह कामयाब तो हो गया लेकिन कुछ देर बाद उसे हार्टअटैक पड़ गया और उसकी मौत हो गई। बड़े भाई को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



ग्राम सरैरा निवासी जितेंद्र पुत्र आनंदपाल खेतीबाड़ी करता था। वह दो भाइयों में छोटा था। उसके दो बच्चे भी हैं। परिवार वालों का कहना है कि जितेंद्र का बड़ा भाई सतेद्र मंगलवार सुबह अपने घर की छत पर बैठा पंखा ठीक कर रहा था। उस दौरान बिजली नहीं थी लेकिन पंखा ठीक करने के दौरान अचानक आ गई, जिससे सतेंद्र को करंट लग गया। उस दौरान छोटा भाई जितेंद भी छत पर बैठा था। वह बड़े भाई को करंट लगता देखकर हड़बड़ा गया और उसे बचाने के लिए भागा। उसने कोशिश करके सतेंद्र को तो बचा लिया लेकिन जितेंद्र को हार्टअटैक पड़ गया और वह छत पर ही लेट गया।

शोर शराबा सुनकर परिवार वाले भी छत पर पहुंच गए और वह दोनों भाइयों को नजदीकी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने जितेंद्र को मृत घोषित कर दिया। सतेंद्र को वहां भर्ती कर उपचार शुरू करा दिया गया है। शुरुआत में परिवार वाले भी मान रहे थे कि शायद जितेंद्र की करंट लगने से मौत हो गई लेकिन उसको करंट नहीं लगा था। परिवार वाले उसकी मौत हार्टअटैक से बता रहे है। थाना पुलिस को इसकी सूचना दे दी गई है। देर शाम तक युवक का शव पोस्टमार्टम के लिए नहीं भेजा गया।

# मुंबई क्राइम ब्रांच और बरेली एसटीएफ ने 12 साल बाद दबोचा हत्यारोपी

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**सहसवान।** कोतवाली इलाके में सोमवार को मुंबई क्राइम ब्रांच और बरेली एसटीएफ को बड़ी सफ्लता मिली। कस्बे के जहांगीराबाद इलाके से 12 साल पहले मुंबई से हत्या करके भागा आरोपी हीरा उर्फ खुर्शीद आलम अंसारी पकड़ा गया। मुंबई क्राइम ब्रांच उसे अपने साथ ले गई है।



महाराष्ट्र पुलिस के एपीआई दत्तात्रेय सरक ने बताया कि वर्ष 2013 में एक महेश कुमार रामचन्द्र व्यक्ति की फावड़े से प्रहार कर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में थाना वालीव मिरा भाईदर वसई विरार में एफ्आईआर दर्ज कराई गई थी। इसमें हीरा उर्फ खुर्शीद आलम अंसारी पुत्र हनीफ निवासी मोहल्ला कटरा शहबाजपुर सहसवान नामजद था और वह तभी से फरार चल रहा था।

महाराष्ट्र पुलिस लगातार उसको तलाश कर रही थी लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल रहा था। इस हत्याकांड का राजफाश करने के लिए यूपी एसटीएफ से सहायता मांगी गई। बरेली एसटीएफ के सीओ अब्दुल कादिर के नेतृत्व में पुलिस टीम आरोपी की तलाश में जुट गई थी। सोमवार को मुंबई क्राइम ब्रांच के एपीआई दत्तात्रेय सरक, मुख्य आरक्षी शिवाजी पाटिल, गोविंद और बरेली एसटीएफके एसआई राशिद अली, हेड कांस्टेबल शिवओम पाठक, संजय यादव, मनोज कुमार अवस्थी की टीम सहसवान पहुंची। दोनों टीमों ने हीरा उर्फ खुर्शीद आलम अंसारी को जहांगीराबाद जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार कर लिया।

# पुलिस ने रुकवाया युवक का अंतिम संस्कार, अर्थी से उठाया शव

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** जिले के बिसौली कोतवाली क्षेत्र के गांव सर्वा में 25 वर्षीय युवक जुगल किशोर ने फंद्दे से लटककर अपने ही घर में आत्महत्या कर ली। मंगलवार सुबह परिवार वाले उसके शव को अंतिम संस्कार को ले गए। वहीं ससुराल वालों की सूचना पर थाना पुलिस पहुंच गई और युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



ग्राम सर्वा निवासी जुगल किशोर पुत्र संतोष की शादी करीब दो साल पहले कालूपुर निवासी रीता के साथ शादी हुई थी। परिवार वालों का कहना है कि सोमवार रात दंपती के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ। उससे नाराज होकर जुगल किशोर ने फंद्दे से लटककर जान दे दी। इसकी सूचना पर युवक के ससुराल वाले और तमाम रिश्तेदार पहुंच गए।

सुबह सभी लोगों ने बैठकर फैसला लिया कि जुगल किशोर की पत्नी की शादी उसके छोटे भाई से करा दी जाएगी। वह शव का पोस्टमार्टम नहीं कराएंगे लेकिन रीता का भाई विनेश इसके लिए तैयार नहीं हुआ। परिवार वाले युवक के शव को अंतिम संस्कार करने के लिए शमशान ले गए।

सूचना पर कोतवाली इंस्पेक्टर ब्रजेश कुमार सिंह और सीओ सुनील कुमार पहुंच गए। उन्होंने शव का अंतिम संस्कार नहीं होने दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। इंस्पेक्टर का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। इसमें रिपोर्ट आने के बाद ही कार्रवाई होगी।

## सार-संक्षेप

### बकरी पालन योजना हेतु करें आवेदन

**बदायूं।** मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ० मोहर सिंह ने बताया कि बकरी पालन योजना (राज्य योजना) में राज्यांश 90 व लाभार्थी का 10 प्रतिशत अनुदान है। इसके अन्तर्गत जनपद में 08 इकाई प्रति इकाई (05 मादा.01 नर) बकरी पालन हेतु लाभार्थियों का चयन किया जाना है। बकरी पालन को प्रोत्साहन हेतु इच्छुक बकरी पालाकों महिला/पुरुष का चयन ग्रामीण स्तर पर ग्राम प्रधान, पशुचिकित्साधिकारी, उपमुख्य पशुचिकित्साधिकारी की अध्यक्षता में किया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्राथमिकता को द्रष्टिगत रखते हुये भूमिहीन महिला/पुरुष, विधवा निराश्रित महिला एवं कोविड प्रभावित परिवारों को प्राथमिकता दी जायेगी। चयन प्रक्रिया में 20 प्रतिशत अनुसूचित जाति/जनजाति एवं 03 प्रतिशत दिव्यांग जन को भी सम्मिलित किया जाना हितकर होगा लाभार्थी चयन में यदि 30 प्रतिशत महिलाओं का चयन किया जाता है (उपलब्धता के आधार पर) तो यह उनकों स्वावलम्बी बनाने में सहयोग करेगा लाभार्थी चयन में निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष 10 प्रतिशत अतिरिक्त लाभार्थियों का चयन किया जायेगा जो कि प्रतीक्षा सूची में रहेगें।

उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर उप मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी से प्राप्त सूची के आधार पर लक्ष्य से 05 प्रतिशत अतिरिक्त लाभार्थियों का चयन किया जायेगा। लाभार्थी द्वारा 10 प्रतिशत धनराशि रू० 4500/- जमा करने से सम्बन्धित धनराशि का विवरण प्राप्त होने के उपरान्त ही लाभार्थी का चयन किया जाना है साथ ही चयनित लाभार्थी से 10 रू० के स्टाप पेपर पर शपथ पत्र प्राप्त किया जायेगा कि स्थापित होने वाली बकरी इकाई को न्यूनतम 03 वर्ष तक संचालित किया जायेगा।

### 15 जुलाई तक कर सकते हैं आवेदन

**बदायूं।** जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द के उपायुक्त उद्योग ने जानकारी देते हुए अवगत कराया है कि उ०प्र० शासन/उद्योग निदेशालय उ०प्र० द्वारा निम्न जाति के अभ्यर्थियों के लिये लागू की गयी है। अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति वर्ग एवं अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु 04 माह का नर्सिंग एवं कम्प्यूटर कराया जाएगा। इस प्रशिक्षण अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति वर्ग के महिला एवं पुरूष अभ्यर्थी/पिछडा वर्ग के महिला एवं पुरूष अभ्यर्थी हेतु प्रशिक्षण योजना लागू की गयी है। वर्ष 2024-25 हेतु जनपद के अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति वर्ग/अन्य पिछडा वर्ग के युवक/युवतियों के लिये 4 माह का प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। दोनों वर्गों के अभ्यर्थी को नर्सिंग एवं कम्प्यूटर ट्रेड में प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। योजनान्तर्गत आनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं योजना की पात्रता एवं शर्तें इस प्रकार है कि आवेदक की शैक्षिक योग्यता कम से कम हाईस्कूल एवं आयु 18 से 45 वर्ष के मध्य होनी चाहियें। आवेदक करने के मूल प्रपत्र:- मूल निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता (कम से कम हाईस्कूल पास), बैंक पासबुक, आय प्रमाण पत्र आदि प्रपत्र संलग्न हो। आवेदक द्वारा इससे पूर्व योजना में प्रशिक्षण प्राप्त न किया हो। योजनान्तर्गत आवेदन करने की अन्तिम तिथि 15 जुलाई 2024 तक है।

# बायोमैट्रिक उपस्थिति के आधार पर दी जाएगी छात्रवृत्ति

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रणव कुमार पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति का लाभ लिये जाने हेतु ग्रुप-1 के अन्तर्गत संचालित समस्त पाठ्यक्रम (बी.बी.ए., डी.फार्मा, बी.फार्मा एवं एम.बी.बी.एस. इत्यादि) में बायोमैट्रिक उपस्थिति को अनिवार्य कर दिया गया है।




उन्होंने बताया कि शिक्षण संस्थाओं में छात्र/छात्राओं की दैनिक उपस्थिति की गणना शासन के आई०टी० एवं इलैक्ट्रानिक्स विभाग द्वारा अधिकृत संस्था श्रीट्रान इण्डिया लि० के द्वारा संचालित आधार बेस बायोमैट्रिक उपस्थिति प्रणाली/फेशियल रिकग्रिशन प्रणाली द्वारा की जाएगी। छात्रवृत्ति का लाभ 75 प्रतिशत या उससे ऊपर उपस्थिति एवं संतोषजनक अकादमिक प्रदर्शन पर दिया जाएगा। छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति की धनराशि का हस्तान्तरण सीधे छात्र/छात्राओं के खातों में केवल प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) मुख्यत: एक आधार आधारित भुगतान सिस्टम के माध्यम से किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि शिक्षण संस्थानों में आधार बेस बायोमैट्रिक उपस्थिति प्रणाली/फेशियल रिकग्रिशन प्रणाली की व्यवस्था करने एवं प्रत्येक माह प्रमाणित उपस्थिति को यथा स्थान छात्रवृत्ति पोर्टल पर अपलोड करने का उत्तरदायित्व सम्बन्धित शिक्षण संस्थान का होगा। उन्होंने जनपद में ग्रुप-1 के अन्तर्गत पाठ्यक्रम संचालित कराने वाली समस्त शिक्षण संस्थानों को निर्देशित किया है कि वह 30 जून, 2024 तक आधार बेस बायोमैट्रिक उपस्थिति प्रणाली/फेशियल रिकग्रिशन प्रणाली की व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें।

# सभी ब्लॉकों में लगेंगे ऑनलाइन रोजगार मेलों के शिविर

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि संदीप माथुर कमान्डेन्ट क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र देहरादून उ०प्र० के द्वारा सुरक्षा कार्यों में प्रशिक्षण उपरान्त रोजगार देने के लिए इच्छुक उम्मीदवारों के पंजीयन हेतु समस्त विकासखण्डों में ऑनलाइन रोजगार मेलों का शिविर लगाने की अनुमति चाही गयी है।




उन्होंने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों से कम्पनी द्वारा प्रशिक्षण हेतु 350 रुपए प्रोफ्ाईल फीस तथा 10000 रुपए प्रशिक्षण शुल्क लिया जायेगा। जिसमें उन्हें कैन्टीन, यूनीफार्म, बोर्डिंग एवं लॉजिंग आदि सुविधा अनुमन्य होगी। इस सम्बन्ध में कोई मार्ग व्यय देय नहीं होगा। सुरक्षा अधिकारी हेतु 18000 रुपए से 25000 रुपए मानदेय दिया जायेगा।

उन्होंने बताया कि विकासखण्ड सालारपुर में 24/25-06-2024, उझानी में 26/27-06-2024, कादरचौक में 28/29-06-2024, म्याउं में 01/02-07-2024, उसावॉं में 03/04-07-2024, जगत में 05/06-07-2024, बजीरगंज में 08/09-07-2024, बिसौली में 10/11-07-2024, आसफ्पुर में 12/15-07-2024, सहसवान में 16/17-07-2024 में, दहगवॉं में 18/19-07-2024, इस्लामनगर में 20/22-07-2024, अम्बियापुर में 23/24-07-2024, दातागंज में 25/26-07-2024 एवं समरेर में 27/29-07-2024 को रोजगार शिविर के आयोजन किए जाएंगे।

# एमए एमकॉम के छात्र छात्राओं को टैबलेट वितरण 26 जून को

**बदायूं।** आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय बदायूं में पिछले सत्र 2022- 23 के एमए और एमकॉम के छात्र छात्राओं को 26 जून को नि:शुल्क टैबलेट प्रदान किया जाएगा। वर्तमान सत्र 2023- 24 में अध्ययनरत स्नातकोत्तर के विद्यार्थी भी 26 जून को नि:शुल्क टैबलेट प्राप्त करेंगे। उक्त सूचना देते हुए प्राचार्य डॉक्टर श्रद्धा गुप्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा संचालित स्वामी विवेकानन्द युवा तकनीकी सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत नि:शुल्क टैबलेट वितरण योजना के अंतर्गत बांटे जायेगें।

# महिला अस्पताल में नवजात की मौत, परिजनों का आरोप- रुपये न देने पर इलाज में की गई लापरवाही

**बदायूं।** महिला अस्पताल में प्रसव के नाम पर अवैध वसूली हो रही है। आरोप है कि रविवार को रुपये न देने पर जच्चा-बच्चा का इलाज नहीं किया गया। देर शाम नवजात ने दम तोड़ दिया। चार दिन से लगातार चार गर्भवती महिलाओं को रुपये न देने पर रेफर करने के मामले सामने आए हैं। अलापुर क्षेत्र के गांव मुगर्रा जरासी निवासी हेमसिंह रविवार को पत्नी अर्चना को महिला अस्पताल लेकर आए थे। उस वक्त रचना प्रसव पीड़ा से तड़प रही थीं, कोई डॉक्टर अस्पताल में नहीं थी। उसे तड़पता देख तीमारदारों ने ड्यूटी पर तैनात नर्सों से देखने को कहा। आरोप है कि तैनात कर्मचारी ने छह हजार रुपये की मांगे। रुपये न होने की बात कही तो बहाना बनाकर टालते रहे। स्टाफने जच्चा-बच्चा दोनों को खतरा बताया। इस दौरान महिला ने बेटे को जन्म दे दिया।

# ग्रामीण इलाके में पांच रुपये सस्ता बेच रहे थे डीजल-पेट्रोल

## पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार जेल भेजा

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**वजीरगंज।** बगरैन कस्बे में मिलावटी डीजल और पेट्रोल बेचने वाले पकड़े गए दोनों आरोपियों को सोमवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। इस मामले में अभी मुख्य आरोपी रहीश अहमद और उसका तीसरा बेटा अनीस नहीं पकड़ा गया है। उसकी तलाश में पुलिस टीम लगा दी गई है।



थाना क्षेत्र के गांव सिसैइया निवासी रहीश अहमद पिछले कई साल से डीजल का धंधा कर रहा था। उसके नजदीकी लोगों का कहना है कि उसने कई साल तक केरोसिन में केमिकल मिलाकर डीजल बनाकर बेचा था। जब केरोसिन मिलना बंद हो गया तो उसने टैंकर चालकों से साठगांठ कर ली और डीजल खरीदने लगा था।

वह डीजल में नैफ्टा सॉलवेंट नामक केमिकल मिलाता था और उससे डीजल का रंग हल्का पीला हो जाता था। डीजल कुछ पतला भी हो जाता था, जिससे वह आराम से ग्रामीणों को पांच रुपये सस्ता डीजल और पांच रुपये सस्ता पेट्रोल बेचता था। इसके बावजूद वह 15-20 रुपये प्रति लीटर के हिसाब से कमाता था। उसने क्षेत्र में अपना नेटवर्क फैला रखा था। पिछले साल पकड़े जाने के बावजूद उसने अपना धंधा बंद नहीं किया था। वह लगातार डीजल का धंधा कर रहा था लेकिन अब उसके तीनों बेटे भी कार्रवाई की जद में आ गए हैं। मौके से पकड़े गए उसके बेटे वसीम और हसीन को सोमवार दोपहर बाद कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

अभी रहीश अहमद और उसका तीसरा बेटा अनीस नहीं पकड़ा गया है। इंस्पेक्टर अरविंद कुमार ने बताया कि इन दोनों आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस टीम लगी हुई है।

# युवती का अश्लील वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेल



**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** के शहर कोतवाली क्षेत्र में युवती का आपत्तिजनक वीडियो बनाकर एक साल तक ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। आरोपी दूसरे समुदाय का है। उसने 17 वर्षीय लड़की के आपत्तिजनक वीडियो और फोटो बनाए थे। उसके बाद से लड़की को ब्लैकमेल करने लगा। उसने लड़की को इतना दबाव में ले लिया कि वह उसे अपने घर ले गया। करीब एक साल तक उसे अपने घर पर रखा और लगातार उसका उत्पीड़न करता रहा। पीड़ित युवती का आरोप है कि युवक पिछले कुछ दिनों से उसे मांस खाने और धार्मिक किताबें पढ़ने का दबाव बना रहा था। धर्म परिवर्तन कराने का दबाव बना रहा था। काफी परेशान होकर युवती मंगलवार दोपहर कोतवाली पहुंच गई। उसने पुलिस को आपबीती बताई। इस पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी। पीड़ित युवती ने आरोपी और उसके परिवार वालों के तहरीर दी है।

शादी कार्ड
कलैण्डर
फ्लैक्स
पोस्टर
हमारे यहां शादी कार्ड, शादी कलैण्डर, बिजीटिंग कार्ड फ्लैक्स, लैटर पैड, पोस्टर, पंपलेट, बिलबुक, स्टीकर स्कूल आईकार्ड, प्रेस आईकार्ड, प्रेस माइक आईडी आदि उचित मूल्य पर तैयार किये जाते है।
हमारे यहाँ समस्त स्टेशनरी उचित मूल्य पर मिलती है।
इण्डिया प्रिंटर्स एण्ड कम्प्यूटर
मैन ब्रान्च- निकट रिजेन्सी होटल, लावेला चौक बदायूं।
ब्रान्च- मैन चौराहा सहसवान रोड, कौल्हाई बदायूं।
मोबा. 9411214614, 9759675650, 8279746818

## संपादकीय

# जीएसटी लागू हुए सात साल पूरे




देश की अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था में आमूलचूल बदलाव हुए सात वर्ष बीत चुके हैं। इस बदलाव के तहत ही वस्तु एवं सेवा कर यानी जीएसटी प्रणाली लागू की गई थी। जीएसटी के अंतिम स्वरूप के बारे में बहुत कुछ ऐसा था जो एक तरह का समझौता था। इसमें केंद्र सरकार और संदेह करने वाले राज्यों के बीच का समझौता भी शामिल था। उस समय माना जा रहा था कि ये समझौते जीएसटी के सुधारों को सीमित करेंगे।

इस समाचार पत्र समेत कई लोगों को उम्मीद थी कि समय के साथ जीएसटी  के भीतर की ढांचागत दिक्कतें दूर कर दी जाएंगी और इसका पूरा लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। परंतु सात वर्ष और दो आम चुनाव बीतने के बाद भी यह स्पष्ट है कि व्यवस्था में बुनियादी सुधार के लिए और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है। जीएसटी की निगरानी जीएसटी परिषद करती है। यह राज्यों और केंद्र सरकार के वित्त मंत्रालयों को एक साथ लाती है। बीते सप्ताहांत परिषद की बैठक हुई लेकिन इस बार भी जीएसटी में अहम सुधारों के गहरे प्रश्न आगे की बैठकों के लिए टल गए। कहने का अर्थ यह नहीं है कि परिषद ने अहम काम नहीं किए।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संकेत दिया कि जीएसटी परिषद द्वारा लिए गए निर्णयों में मांग नोटिस को चुनौती देने के तरीके और अपील में बदलाव तथा अनुपालन व्यवस्था में अन्य सुधार शामिल हैं। उदाहरण के लिए अगर किन्हीं मामलों में धोखाधड़ी नहीं हुई है तो उनमें ब्याज या जुर्माना नहीं मांगा जाएगा और विभाग अपने विरुद्ध निर्णयों के खिलाफ स्वत  ऊपरी अदालतों में अपील नहीं करेगा।

बल्कि ये संशोधित मौद्रिक सीमा के अधीन होंगे। चूंकि दो फीसदी आकलनों को चुनौती दी जा रही है इसलिए ऐसे बदलाव बहुत अधिक महत्त्व रखते हैं। जीएसटी को लेकर एक वादा यह था कि इसका इस्तेमाल सुगम होगा। परंतु ऐसा अपेक्षित स्तर पर नहीं हुआ है। अब वक्त आ गया है कि जीएसटी के बुनियादी ढांचे में सुधार करने का प्रयास किया जाए। यह सवाल उठाया जाना चाहिए कि राज्य और केंद्र सरकार के स्तर पर दोहरा ढांचा क्यों होना चाहिए। जीएसटी के अधूरे एजेंडे में दरों और स्लैब को युक्तिसंगत बनाया जाना भी शामिल है। अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था की प्रारंभिक परिकल्पना एक दर के साथ की गई थी। जिससे स्पष्टता और किफायत सुनिश्चित होती। परंतु इसकी जगह कई दरें पेश की गईं और जीएसटी परिषद भी इन दरों में लोकलुभावन ढंग से बदलाव करने का मोह नहीं त्याग पाई। यहां तक कि पिछली बैठक में भी बॉक्स पैक करने पर लगने वाली दर को 18 फीसदी से कम करके 12 फीसदी कर दिया गया। ऐसे बदलावों के बाद इस प्रकार और मांग सामने आने की आशंका बढ़ जाती है और परिषद का समय भी बरबाद होता है।

बहरहाल, परिषद ने वादा किया था कि पेट्रोल और डीजल को जीएसटी व्यवस्था में लाने के विषय में चर्चा की जाएगी। अल्कोहल की तरह इन पर भी फिलहाल राज्यों द्वारा कर लगाया जाता है। व्यवस्था के भीतर लागत और अक्षमता की एक बड़ी वजह यह भी है। उन्हें जीएसटी के दायरे में लाना बहुत लंबे समय से लंबित है। इससे भी बड़ा प्रश्न यह है कि जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर अधिशेष का क्या होगा जिसकी राशि 70,000 करोड़ रुपये तक हो सकती है। यह उपकर तंबाकू, महंगे वाहनों आदि पर लगाया जाता है। इस उपकर को लगाने की एक आंशिक वह यह भी थी कि महामारी के दौरान राज्यों की ओर से लिए गए ऋण को चुकाने में इसका इस्तेमाल किया जाए। परंतु लग रहा है कि काफी अधिक राशि बची रह जाएगी। इसके उपयोग को लेकर चर्चा टलती रही है। इसके इस्तेमाल को लेकर बहस होना स्वाभाविक है लेकिन इसके चलते जीएसटी सुधार से जुड़े अहम प्रश्नों को हल करने में देरी नहीं होनी चाहिए।


अमर भास्कर

( हिन्दी दैनिक समाचार पत्र )

- वरिष्ठ संरक्षक : वेदभानु आर्य
- संरक्षक : हामिद अली खाँ
- संरक्षक : सुरेश प्रसाद शर्मा
- प्रधान संपादक : फरीद क़ादरी
- संपादक : अबरार अहमद
- कानूनी सला. : मुहम्मद फुरकान, एड.
- व्यवस्थापक : ठा. वेदपाल सिंह
- मैनेजर : केपी यादव


हमारे यूट्यूब चैनल *Amar Bhaskar News* को सब्सक्राइब करें वैल आइकॉन दबाना न भूलें।
**-सर्वेश उपाध्याय, मैनेजिंग एडिटर***

अगर आपके पास भी है कोई कविता, रचना, लेख, गजल एवं छंद तो हमें लिख भेजिए, हमारा पता है:-


**अमर भास्कर कार्यालय**
**निकट होटल रिजेन्सी, लावेला चौक बदायूं ( उ.प्र. )।**
**पिन कोड-243601**
***Email- amarbhashkar21@gmail.com***
***Whatsapp. No. 9411214614***


# टॉप-अप होम लोन तभी लें जब जल्दी से जल्दी चुका सकें



पिछले दिनों खबरें आईं कि भारतीय रिजर्व बैंक टॉप-अप होम लोन पर पैनी नजर रख रहा है। पहले से चल रहे आवास ऋण पर जब ग्राहक को और कर्ज दिया जाता है तो उसे टॉप-अप होम लोन कहते हैं। यह पर्सनल लोन की ही तरह होता है। चूंकि कर्ज देने वाली संस्था यह नहीं देख पाती कि रकम का इस्तेमाल कहां हो रहा है, इसलिए उधार लेने वाला उसे मनचाहे तरीके से खर्च करता है।

बैंकिंग नियामक यानी रिजर्व बैंक को चिंता है कि कर्ज देने वाली संस्था लोगों को टॉप-अप होम लोन लेने के लिए ललचा सकती हैं। कर्ज का बोझ बहुत बढ़ गया तो उसे चुकाने में चूक यानी डीफॉल्ट भी बढ़ जेगा। इससे वित्तीय क्षेत्र की सेहत पर बुरा असर पड़ेगा। क्या होता है टॉप-अप होम। इस कर्ज का इस्तेमाल तमाम मकसदों के लिए किया जा सकता है। इससे घर की मरम्मत कराई जा सकती है, बच्चे की शिक्षा का खर्च उठाया जा सकता है या स्वास्थ्य से जुड़े किसी संकट में काम लिया जा सकता है। बैंकबाजार डॉट कॉम के मुख्य कार्य अधिकारी आदिल शेट्टी कहते हैं, कि शुरुआत में मंजूर किए गए कर्ज में से इस समय बचा मूलधन घटाने पर जो रकम मिलती है, उतना टॉप-अप होम लोन दिया जा सकता है।

मान लीजिए कि आपने शुरुआत में 30 लाख रुपये कर्ज लिया था और अभी तक आपने 5 लाख रुपये चुकाए हैं तो अभी बैंक का 25 लाख रुपये मूलधन आप पर बकाया है। इस मामले में आप 5 लाख रुपये तक टॉप-अप होम लोन पा सकते हैं। टॉप-अप होम लोन पर ब्याज की दर आम तौर पर होम लोन की ब्याज दर के बराबर ही होती है। सहजमनी के संस्थापक और सेबी में पंजीकृत निवेश सलाहकार अभिषेक कुमार बताते हैं। कि कुछ बैंक या वित्तीय संस्थान होम लोन की ब्याज दर से 100 या 200 आधार अंक अधिक ब्याज वसूल सकते हैं। टॉप-अप लोन की मियाद पहले से चल रहे कर्ज की बची मियाद से ज्यादा नहीं हो सकती। पैसाबाजार में होम लोन के प्रमुख रतन चौधरी कहते हैं कि ज्यादातर संस्थान 15 साल से अधिक समय के लिए टॉप-अप होम लोन नहीं देते। चूंकि आपके मकान की रजिस्ट्री के कागज बैंक या वित्तीय संस्थान के पास रखे होते हैं और टॉप-अप लोन उसी के एवज में मिलता है, इसलिए यह पर्सनल लोन या क्रेडिट कार्ड के मुकाबले सस्ता पड़ता है। चौधरी कहते हैं। यही वजह है कि जिन लोगों का पहले से होम लोन चल रहा है, उनके लिए टॉप-अप होम लोन कर्ज का सबसे सस्ता विकल्प होता है। टॉप-अप लोन की प्रोसेसिंग यानी मंजूरी और वितरण आसानी से हो जाता है। शेट्टी बताते हैं। कि चूंकि आपको टॉप-अप लोन पहले से चल रहे होम लोन पर मिलता है, इसलिए अलग से कोई कागजी झंझट नहीं करना पड़ता क्योंकि होम लोन देते समय सब कुछ हो चुका होता है। चैधरी बताते हैं कि कुछ संस्थानों ने प्री-अप्रूव्ड इंस्टैंट टॉप-अप होम लोन देना शुरू कर दिया है। इसमें जिस दिन कर्ज के लिए अर्जी डाली जाती है, उसी दिन कर्ज की रकम खाते में भेज दी जाती है। कुमार कहते हैं। कि इस तरह के कर्ज का इस्तेमाल घर की मरम्मत के लिए किया जाए तो कर में छूट भी मिल जाती है। टॉप-अप लोन लेने वाला व्यक्ति यदि इसे लंबे अरसे में चुकाता है तो कर्ज महंगा पड़ सकता है। मान लीजिए कि आपको 5 लाख रुपये की जरूरत है। आप 15 फीसदी ब्याज दर पर पर्सनल लोन ले सकते हैं और उसे दो साल में ही चुका सकते हैं। उसके बजाय आप अपने होम लोन पर 5 लाख रुपये का टॉप-अप लोन मांग सकते हैं। यह कर्ज आपको 8-9 फीसदी ब्याज दर पर मिलता है, जिसे आप 15 साल में चुकाते हैं। शेट्टी समझाते हैं। कि अगर आप टॉप-अप होम लोन लेते हैं तो आपको ब्याज के तौर पर बहुत ज्यादा रकम चुकानी पड़ सकती है। इस तरह का कर्ज लेने के बाद लोग अक्सर अपने घर की मरम्मत कराने या मकान बढ़ाने में जरूरत से ज्याद खर्च कर डालते हैं। कई लोग तो इस रकम का इस्तेमाल छुट्टी और सैर-सपाटे में कर देते हैं। कुछ लोग इस रकम को शेयर बाजार में भी लगा देते हैं। कुमार कहते हैं कि इनमें से कई लोग अंत में कर्ज के जाल में फंस जाते हैं। अगर आपको पैसे की तुरंत जरूरत है और पहले से आपका होम लोन चल रहा है तो आप टॉप-अप लोन ले सकते हैं। मगर शेट्टी की सलाह है कि उसे जल्दी से जल्दी चुका भी दें। कुमार सुझाव देते हैं कि मकान की मरम्मत या विस्तार कराते समय पहले से सही बजट का अनुमान लगा लें और उस पर अड़े रहें। वह इस कर्ज का इस्तेमाल सैर-सपाटे या फिजूलखर्ची पर करने के खिलाफ भी चेताते हैं। वह कहते हैं। कि महीने में आपकी जो भी कमाई है, उसकी 35 फीसदी से अधिक रकम ईएमआई में नहीं जानी चाहिए। अगर आपका होम लोन नहीं चल रहा है तो आप गिरवी या रेहन रखकर मिलने वाले दूसरे कर्ज जैसे फिक्स्ड डिपॉजिट पर कर्ज या सोने के बदले कर्ज पर भी विचार कर सकते हैं।

# गेहूं की जमाखोरी पर रोक, भंडारण सीमा लागू



केंद्र सरकार ने जमाखोरी रोकने और गेहूं के दाम नियंत्रित करने के लिए तत्काल प्रभाव से गेहूं पर भंडारण सीमा लगा दी है, जो 31 मार्च, 2025 तक प्रभावी रहेगी। इससे पहले सरकार ने पिछले सप्ताह चना, काबुली चना और अरहर पर भंडारण सीमा लगाई थी। सरकार ने आज यह भी कहा कि वह कीमत पर अंकुश लगाने के लिए अन्य विकल्पों पर विचार करने के लिए तैयार है। इनमें आयात शुल्क की समीक्षा भी शामिल है। इस समय गेहूं के आयात पर 40 फीसदी शुल्क लगता है। उपकर व अधिभार मिलाकर कुल शुल्क करीब 44 फीसदी बैठता है।

केंद्र सरकार द्वारा भंडारण सीमा लगाने के लिए जारी अधिसूचना के मुताबिक थोक कारोबारी 3,000 टन और प्रत्येक खुदरा कारोबारी अपनी दुकान पर 10 टन गेहूं रख सकता है। बड़ी खुदरा श्रृंखला के आउटलेट पर 10 टन और उनके सभी गोदामों में 3,000 टन तक गेहूं का भंडारण करने की अनुमति दी गई है।

जहां तक आटा मिलों का सवाल है तो वे वर्ष 2024-25 के बाकी महीनों में अपनी स्थापित मासिक क्षमता के 70 फीसदी तक गेहूं का भंडारण कर सकती हैं। फिलहाल जिनके पास तय सीमा से अधिक गेहूं का भंडार है उन्हें सरकार ने 30 दिन के भीतर भंडार को निर्धारित सीमा के दायरे में लाने का निर्देश दिया है।

सरकार ने सभी संस्थाओं को अपने स्टॉक की स्थिति घोषित करने और इसे खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के पोर्टल पर नियमित रूप से अपडेट करने का आदेश भी दिया है।

केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने कहा कि देश में गेहूं की कोई किल्लत नहीं है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के पास पर्याप्त गेहूं का भंडारण है। इस साल गेहूं का शुरुआती स्टॉक 75 लाख टन था, जो पिछले साल 1 अप्रैल को 82 लाख टन था। तकनीकी तौर पर इस साल की शुरुआत में गेहूं का स्टॉक 7 लाख टन कम था। मगर अब तक करीब 266 लाख टन गेहूं की खरीद हो चुकी है, जो पिछले साल की खरीद से 4 लाख टन ज्यादा है। इस तरह गेहूं की कुल उपलब्धता पिछले साल से महज 3 लाख टन कम है। इसलिए देश में गेहूं की कोई कमी नहीं है।

चोपड़ा ने कहा कि इसके बाद भी जमाखोरी और अटकलबाजी रोकने के लिए गेहूं पर भंडारण सीमा लगाई गई है। उन्होंने यह भी कहा कि गेहूं निर्यात पर प्रतिबंध और चावल निर्यात पर लगे अंकुश को हटाने का फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार पिछले साल के मुकाबले इस साल गेहूं और आटे के भाव 2 रुपये तक बढ़ चुके हैं। 20 जून को गेहूं की औसत खुदरा कीमत 30.99 रुपये प्रति किलो और आटे की 36.13 रुपये प्रति किलो थी। पिछले साल 20 जून को गेहूं का औसत भाव 28.95 रुपये प्रति किलो और चावल का 34.29 रुपये प्रति किलो था।

उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने कहा कि पिछले सप्ताह अरहर पर भंडारण सीमा लगाने का असर इसकी कीमत 50 से 200 रुपये की कमी के रूप में दिखने लगा है। उन्होंने प्याज के बारे में कहा कि सरकार के पास प्याज का भी पर्याप्त स्टॉक है और आगे अच्छे मॉनसून के आसार हैं, जिससे प्याज का रकबा भी बढ़ सकता है। उन्होंने कहा, 'हमने चालू खरीफ सीजन में 3.53 लाख हेक्टेयर भूमि में प्याज की बोआई का लक्ष्य रखा है, जो पिछले खरीफ सीजन के 2.85 लाख हेक्टेयर से अधिक है।

## खेल-खिलाड़ी

# खुद के बनाए गड्ढे में गिरा ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड को बाहर करने चले थे एक अंग्रेज की टीम ने किया बाहर




**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप 2024 में मंगलवार को अफगानिस्तान ने बांग्लादेश को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। अफगानिस्तान की इस जीत ने ऑस्ट्रेलिया को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। 2021 की टी20 चैंपियन ऑस्ट्रेलियाई टीम ने इस टूर्नामेंट में असभ्य खेल दिखाने की कोशिश की थी। ग्रुप स्टेज के दौरान ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड एक ही ग्रुप में थे। इंग्लैंड की टीम स्कॉटलैंड के खिलाफ बारिश से मैच धुलने और फिर ऑस्ट्रेलिया से हारने के बाद बाहर होने की कगार पर थी।

उसके लिए ग्रुप स्टेज के आखिरी दो मैच करो या मरो वाले थे। दोनों मैचों में बड़ी जीत ही इंग्लैंड को सुपर-8 में पहुंचा सकती थी। वहीं, स्कॉटलैंड के पहुंचने के ज्यादा चांसेस थे। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया ने साजिश रची कि इंग्लैंड को बाहर किया जाए। इस दौरान उनके कई पूर्व क्रिकेटरों ने भी इसमें समर्थन दिया। हालांकि, अब ऑस्ट्रेलियाई टीम खुद किस्मत की मारी हो गई और उसे टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा है। ऑस्ट्रेलिया ने पहले ही सुपर-8 के लिए क्वालिफाई कर लिया था। ऐसे में उन्हें यह सुझाव मिले कि उन्हें स्कॉटलैंड के खिलाफ मैच के नतीजों में कुछ हेरफेर करना चाहिए, ताकि डिफेंडिंग चैंपियंस इंग्लैंड विश्व कप से बाहर हो जाए। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट कप्तान टिम पेन चाहते थे कि मिचेल मार्श एंड कंपनी स्कॉटलैंड के खिलाफ अपने अंतिम ग्रुप मैच में कुछ हेरफेर करे ताकि इंग्लैंड की टीम आगे का रास्ता तय नहीं कर सके। उन्होंने कहा था, निश्चित तौर पर कंगारुओं को नतीजे में हेरफेर करना चाहिए और मैं मजाक भी नहीं कर रहा हूं। मैंने पिछले कुछ दिनों में लोगों से इस बारे में बात की है। मैं इसको लेकर गंभीर हूं।

हालांकि, जोस बटलर एंड कंपनी को न केवल अपने शेष दोनों मैच भारी अंतर से जीते, बल्कि ऑस्ट्रेलिया को हेरफेर करने का मौका नहीं दिया। ग्रुप स्टेज के दौरान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत ही सिर्फ स्कॉटलैंड को सुपर-8 में पहुंचा सकती थी। हालांकि, ऐसा होना यानी ऑस्ट्रेलिया के साथ उलटफेर होना था, जो कि कंगारू कभी नहीं चाहते। ऑस्ट्रेलिया के स्कॉटलैंड के खिलाफ मैच जीतते ही इंग्लैंड की टीम सुपर-8 के लिए क्वालिफाई कर गई। इतना ही नहीं इंग्लैंड की टीम सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई करने वाली भी पहली टीम बनी। वहीं, उनके खिलाफ साजिश रचने वाले ऑस्ट्रेलियाई टूर्नामेंट से बाहर हो गए। पेन ने स्पष्ट किया था कि वह नहीं चाहते कि ऑस्ट्रेलिया मैच हारे बल्कि इंग्लैंड के बाहर होने के लिए इसे काफी करीबी बना दे। उन्होंने कहा, स्कॉटलैंड के खिलाफ मैच हारने की जरूरत नहीं है। मुझे लगता है कि वे स्कॉटलैंड को काफी करीब ला सकते हैं। मान लीजिए कि स्कॉटलैंड ने पहले बल्लेबाजी की और हमने 19.5 ओवर में इसका पीछा किया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उन्हें नेट रन रेट में बड़ा नुकसान न हो। यहां तक कि ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने भी यही सुझाव दिया था। उन्होंने कहा था, इस टूर्नामेंट में आपको फिर किसी स्तर पर इंग्लैंड के खिलाफ खेलने की संभावना है। दिन होने पर इंग्लिश टीम किसी को भी हरा सकती है और कोई भी स्कोर चेज कर सकती है। हमने टी20 क्रिकेट में उनके खिलाफ संघर्ष किया है। इसलिए अगर हम उन्हें टूर्नामेंट से बाहर कर सकते हैं तो यह हमारे हित में है और शायद हर किसी के लिए।

अब इसे संयोग मानें या किस्मत का खेल, ऑस्ट्रेलिया को एक इंग्लैंड के पूर्व खिलाड़ी की देखरेख वाली टीम ने ही टूर्नामेंट से बाहर का रास्ता दिखाया। हम बात कर रहे हैं जोनाथन ट्रॉट की। ट्रॉट के पूर्व महान बल्लेबाजों में से एक रहे हैं। उनकी कोचिंग में अफगानिस्तान की टीम कई रिकॉर्ड बनाए हैं। पिछले साल वनडे विश्व कप से लेकर अब टी20 विश्व कप में अफगानिस्तान नए कीर्तिमान रच रहा है। अब ट्रॉट ने अपनी टीम के खिलाफ साजिश रचने का बदला इस तरह लिया है। अफगानिस्तान ने न सिर्फ ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सुपर-8 मैच में उलटफेर किया, बल्कि बांग्लादेश को हराकर ऑस्ट्रेलिया को बाहर का रास्ता दिखाया।

# ऑस्ट्रेलिया को तीन बड़े झटके, पहले अफगानिस्तान-भारत से हारे अब टूर्नामेंट से हुए बाहर

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान ने बांग्लादेश को हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली है। इसी के साथ ऑस्ट्रेलियाई टीम टी20 विश्व कप से बाहर हो गई है। ऑस्ट्रेलिया की उम्मीदें बांग्लादेश की टीम पर टिकी थीं। कम स्कोर वाले इस मैच में एक वक्त ऐसा लग रहा था कि बांग्लादेश की टीम खुद तो नहीं क्वालिफाई करेगी, अफगानिस्तान को भी बाहर कर देगी। इसका फायदा ऑस्ट्रेलिया को होता, लेकिन अफगानिस्तान के गेंदबाजों ने जबरदस्त वापसी करते हुए विकेट हासिल किए और जीत हासिल की।

सेमीफाइनल की चार टीमें तय हो गई हैं। अब अफगानिस्तान का पहले सेमीफाइनल में 27 जून को सामने दक्षिण अफ्रीका से होगा। वहीं, भारतीय टीम दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड से भिड़ेगी। पिछले तीन दिन के अंदर ऑस्ट्रेलियाई टीम को तीन बड़े झटके लगे हैं। 23 जून को अफगानिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर उलटफेर किया था। इसके बाद 24 जून को भारत ने कंगारुओं को 24 रन से हराया। अब 25 जून को अफगानिस्तान की बांग्लादेश पर जीत ने ऑस्ट्रेलिया को टूर्नामेंट से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। इसी के साथ 2023 वनडे विश्व कप में भारत को मिली हार का बदला भी अब असल मायने में पूरा हुआ है।

पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगानिस्तान की टीम 20 ओवर में पांच विकेट पर 115 रन बना पाई थी। जवाब में बांग्लादेश की टीम 17.5 ओवर में 105 रन पर आउट हो गई । उसे बारिश के कारण 19 ओवर में 114 रन का संशोधित लक्ष्य मिला था। जब बांग्लादेश की टीम बल्लेबाजी के लिए आई तो कई बार बारिश ने खलल डाला। बांग्लादेश को सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई करने के लिए 12.1 ओवर में 116 रन बनाने थे। हालांकि, अफगानिस्तान ने नियमित अंतराल पर विकेट लिए। तंजीद हसन (0), कप्तान नजमुल हुसैन शांतो (5) और शाकिब अल हसन (0) कुछ खास नहीं कर सके। इसके बाद राशिद खान का जलवा देखने को मिला। उन्होंने सौम्य सरकार, तौहिद हृदोय, महमूदुल्लाह और रिशाद हुसैन को पवेलियन भेजा। हालांकि, लिटन दास एक छोर से टिके रहे। उन्होंने टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का 11वां अर्धशतक लगाया। बीच में बारिश की वजह से मैच रुका और अंपायर्स ने एक ओवर घटा दिया। डकवर्थ लुईस नियम के

# चाचा को मारने गया था, बचाव में भतीजे के ही पैर में मार दी कुल्हाड़ी




**पिथौरागढ़।** रावलगांव में शराबी भतीजा कुल्हाड़ी लेकर चाचा के घर में घुस गया। चाचा ने बचाव में भतीजे के पैरों में कुल्हाड़ी से वार कर उसे जख्मी कर दिया। इसके बाद उसे स्वयं इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर आए और पुलिस को सूचनादी। पूरन सिंह का कहना है कि उनका भतीजा शराब के नशे में लोगों के घरों में घुसकर चोरी और अभद्रता करता है। वह कुल्हाड़ी लेकर उनके घर में घुस गया था। इसलिए उन्होंने कुल्हाड़ी से वार कर दिया।

सोमवार को जिला मुख्यालय के नजदीकी रावलगांव में पूरन सिंह ने अपने शराबी भतीजे मनोज सिंह के दोनों पैरों में कुल्हाड़ी से वार कर दिया। इसके बाद उन्होंने पहले 112 पर फोन कर पुलिस को घटना की जानकारी दी। मामले की सूचना मिलने के बाद पिथौरागढ़ कोतवाली से एसआई भुवन सिंह मौके पर पहुंचे। पूरन सिंह ने पुलिस को बताया कि भतीजा मनोज सिंह शराब पीकर लोगों के घरों में घुसता रहता है। वह उनके घर में घुसकर कुल्हाड़ी से हमला करने लगा। उन्होंने अपने बचाव में मनोज के पैरों पर कुल्हाड़ी से प्रहार कर दिया। पूरन सिंह का कहना है कि उनके भतीजे की हरकतों से पूरा गांव और रिश्तेदार परेशान हैं। इस संबंध में वह कई बार एसडीएम कार्यालय में पत्र दे चुके हैं। सीओ परवेज अली का कहना है कि मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# एयरपोर्ट के एयर ट्रैफिक इंचार्ज आशीष की अजीब दिखी हलात



**उत्तराखंड।** पंतनगर एयरपोर्ट के एयर ट्रैफिक इंचार्ज (एटीसी) आशीष की मौत से हर कोई स्तब्ध है। जिस स्थिति में शव बरामद हुआ वह चर्चा का विषय बना हुआ है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार फंदे पर लटका आशीष महिला के गेटअप में था। उसने पाजामा के साथ महिलाओं के परिधान धारण किए थे। लंबे बालों की विग पहनने के साथ ही होंठों पर लिपिस्टिक और माथे में बिंदी भी लगाई थी। हालांकि फंदे से शव उतारने के बाद लोगों ने सामान उतारकर कंबल में लपेट दिया था।

वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस के उच्चाधिकारियों सहित फॉरेंसिक एक्सपर्ट की टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया और मौके से मृतक के मोबाइल सहित अन्य साक्ष्य संकलित किए। साथ ही पुलिस भी विभिन्न एंगल से आत्महत्या के कारणों की जांच में जुट गई है। इधर, मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है, उनके देर रात तक पंतनगर पहुंचने की संभावना है।

पंतनगर एयरपोर्ट में एटीसी इंचार्ज पद पर तैनात कर्मी संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला है। सूचना मिलते ही पुलिस ने जिला अस्पताल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। टीम ने मौके से मोबाइल व कमरे में मिली अन्य वस्तुए कब्जे में ले ली हैं। मृतक के मोबाइल की सीडीआर और सोशल मीडिया पर एक्टिविटी सहित बैंक अकाउंट से लेन-देन की जांच की जाएगी।

# महज पांच मिनट में हत्या कर भाग निकला आरोपी

**झांसी।** नई जिंदगी शुरू करने जा रही काजल ने सपने में भी नहीं सोचा था कि पड़ोस में रहने वाले जिस लड़के से वह कभी एक-दो घड़ी बात कर लेती थी, वही उसकी जिंदगी के सबसे खुशनुमा दिन में मौत का परवाना लेकर आएगा। हत्यारे दीपक के सिर पर खून इस कदर सवार था कि वह किसी की बात सुनने तक को राजी नहीं था।

गेस्ट हाउस में मौजूद लोगों का कहना था आरोपी दीपक अपने दो दोस्तों के साथ शाम करीब पांच बजे गेस्ट हाउस के पास दिखा था। कुछ देर वह गेस्ट हाउस के बाहर खड़ा रहा, इसके बाद वहां से चला गया। काजल के ब्यूटी पार्लर जाने की बात मालूम चलने पर रात करीब नौ बजे वह सीधे ब्यूटी पार्लर जा पहुंचा।

बाहर गेट पर खड़े होकर उसने काजल का नाम लेकर पुकारा। वहां उसे देखकर काजल डर गई। काजल ने बाहर आने से मना कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उस समय दीपक के सिर पर खून सवार था। आर्यन ब्यूटी पॉर्लर संचालिका ने दीपक को अंदर आने से रोकने के लिए तुरंत दरवाजा बंद कर लिया और पति को बुलाने चली गईं। तब तक गुस्से में पागल हो चुके दीपक ने ब्यूटी पार्लर के दरवाजे का कांच तमंचे की बट मारकर तोड़ दिया और भीतर जा घुसा। अंदर आकर काजल से अपने साथ चलने की जिद करने लगा। काजल उसके साथ जाने को राजी नहीं थी। काजल अंदर की ओर भागी, तभी आरोपी दीपक ने तमंचे से गोली चला दी। एक गोली ब्यूटी पार्लर के शीशे में लगी, जिससे वह चकनाचूर हो गया, जबकि दूसरी गोली सीधे काजल के सीने में जा धंसी। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास सनसनी फैल गई। घटना को अंजाम देने के तुरंत बाद दीपक अपने एक दोस्त के साथ भाग निकला। गोली चलने की बात सुनकर गेस्ट हाउस से भागते हुए काजल के परिजन ब्यूटी पार्लर पहुंच गए। यहां खून से लथपथ हाल में काजल फर्श पर पड़ी थी। चारों ओर खून बिखरा हुआ था। परिजन उसे लेकर पहले जर्मनी अस्पताल पहुंचे। हालत नाजुक होने पर वहां से उसे मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया। वहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

हत्यारोपी दीपक ने काजल की हत्या का पूरा प्लान तैयार कर रखा था। ब्यूटी पार्लर के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में दीपक रात करीब 9रू41 बजे आता दिखाई दिया। कुछ देर वह काजल से बात करता रहा। उसके बाद काजल अंदर जाने को हुई तो रात 9:46 बजे उसने काजल पर गोली चला दी। गोली लगते ही खून से लथपथ होकर काजल जमीन पर गिर पड़ी। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग भी बाहर निकल आए।

# आग में जिंदा जला युवक, एनएच 74 में आमने-सामने भिड़े दो डंपर



**उधम सिंह नगर।** काशीपुर में दो डंपरों की भिड़ंत हो गई। इस दौरान डंपर में आग लग गई और आग लगने से डंपर चालक की जलकर मौत हो गई। नेशनल हाईवे-74 पर काशीपुर टोल टैक्स पार करने के बाद दो डंपर की जोरदार भिड़ंत होने से दोनों डंपरों में आग लग गई। आग लगने के बाद डंपर में बैठा में चालक आग की चपेट में आ गया और जल गया। जलने के कारण उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस प्रशासन और दमकल विभाग की गाड़ियां पहुंची और आग पर काबू पाया गया। काशीपुर एसपी अभय सिंह ने घटनास्थल पर पहुंचकर घटना का जायजा लेते हुए बधित होते यातायात को सुचारू कराया। बताया जा रहा है नेशनल हाईवे 74 के कुछ हिस्से को वाहनों के आने-जाने के लिए वनवे कर दिया गया है। जिस वजह से आने जाने वाले वाहन एक ही साइड से होकर गुजर रहे थे।

## सार-संक्षेप

### असिस्टेंट कमिश्नर जीएसटी शशिकांत दुबे ले रहे थे रिश्वत



**देहरादून।** असिस्टेंट कमिश्नर जीएसटी दुबे को विजिलेंस की टीम ने रंगे हाथों पकड़ा। असिस्टेंट कमिश्नर जीएसटी शशिकांत दुबे को 75000 की रिश्वत लेते हुए विजिलेंस की टीम ने पकड़ा है।

राजपुर रोड पर छह महीने खुले एक रेस्ट्रो मालिक से शशिकांत दुबे ने रिश्वत मांगी थी। रेस्ट्रो मालिक को आज 75 हजार रुपए लेकर बुलाया था। तभी विजिलेंस की टीम ने दुबे को रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। लक्ष्मी रोड स्थित ऑफिस से दुबे की गिरफ्तारी हुई। जबकि कैनाल रोड स्थित घर पर भी विजिलेंस ने छापा मारा। भ्रष्टाचार की रोकथाम को लेकर मुख्यमंत्री के निर्देशों पर टोल फ्री 1064 नंबर भी जारी किया गया है। इस मुहिम के तहत यदि किसी भी सरकारी विभाग में कोई कर्मचारी, अधिकारी आम जनता से किसी भी तरह की रिश्वत मांगता है तो 1064 टोल फ्री नंबर पर कॉल कर शिकायत की जा सकती है। शिकायत करने वाले का नाम एवं नंबर गुप्त रखा जाएगा। भ्रष्टाचार की शिकायत पर बेहद सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए जांच एजेंसियों को खुली छूट दी गई है।

### बच्ची को मिट्टी भरे डंपर ने कुचला, मौके पर ही तोड़ दिया दम




**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** अलीगंज-ठाकुरद्वारा मार्ग पर चमरा वाला उर्फ फैजुल्ला गांव में सोमवार शाम करीब छह बजे सड़क किनारे खड़ी आतिफा (7) को मिट्टी से भरे डंपर ने कुचल दिया। इस हादसे में बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने डंपर और उसके चालक को पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने डंपर चालक को हिरासत में लिया है। ठाकुरद्वारा क्षेत्र के गांव चमरा वाला उर्फ फैजुल्ला निवासी शाकिर ने बताया कि वह गांव में ही दुकान करता है। सोमवार शाम करीब छह बजे उसकी बेटी आतिफा दुकान के बाहर सड़क किनारे खड़ी थी।

इस दौरान अलीगंज की ओर से आ रहे तेज रफ्तार मिट्टी से भरे डंपर ने आतिफा को टक्कर मार दी। आतिफा ने भाई शाहिद अहमद ने बताया कि डंपर का पहिया आतिफा के ऊपर से निकल गया, जिससे मौके पर ही आतिफा की मौत हो गई। मौके पर लगी ग्रामीणों की भीड़ ने डंपर और उसके चालक को पकड़ लिया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेकर उसके चालक को हिरासत में लिया है। आतिफा की मौत से उसकी मां मरियम का रो-रोकर बुरा हाल है। बच्ची शाकिर के तीन तीन बेटियां और दो बेटे हैं। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राजीव चौधरी ने बताया कि बच्ची के परिजनों ने कार्रवाई से इनकार किया है। दोनों पक्षों में समझौता हो गया है।

# मेडिकल कॉलेज में सिक्योरिटी गार्ड ने एक पत्रकार साथी के साथ की अभद्रता



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**सम्भल।** मेडिकल कालेज के सिक्योरिटी गार्ड और स्टाफ ने एक पत्रकार साथी के साथ की अभद्र व्यवहार और धक्का मुक्की कर दी। इसका हम विरोध करते हैं। ऐसे व्यवहार नहीं किया जा सकता एक पत्रकार साथी से, भीड़ का हिस्सा नहीं है पत्रकार। संस्था सिद्धी विनायक संज्ञान लेकर कार्रवाई करें। अपने स्टाफ पर सिक्योरिटी गार्ड को समझाया जाए। मंगलवार को पत्रकार साथी पहुंचे थे सूचना पर। मेडिकल कॉलेज में कैंप लगाया जा रहा है। किसी मरीज को परेशानी थी। उसके कहने पर पहुंचे पहुंचते ही मेडिकल स्टाफ ने गेट पर बदतमीजी शुरु कर दी। सिक्योरिटी गार्ड व मेडिकल कॉलेज के स्टाफ ने गलत शब्दों का भी इस्तेमाल किया। वीडियो में साफ-साफ देखा जा सकता है कैसा व्यवहार कर रहे हैं।

# इंतजार हुआ खत्म, राज्य विश्वविद्यालय का निर्माण शुरू



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** हरदासपुर स्थित राज्य यूनिवर्सिटी की बाउंड्री के लिए रविवार से पिलर तैयार किए जा रहे हैं। एक सप्ताह में बाउंड्री पिलरों से घेर दी जाएगी। इसी के साथ कंसल्टेंसी टीम ब्लू प्रिंट तैयार कर लोनिवि को सौंपेगी। इसके बाद लोक निर्माण विभाग निर्माण कार्य शुरू कर देगा। लोक निर्माण विभाग की टीम ने शिक्षा और राजस्व के कर्मचारियों को लेकर रविवार को हरदासपुर रामगंगा पार स्थित यूनिवर्सिटी स्थल का जायजा लिया। लेखपालों द्वारा बताई गई जमीन पर जेसीबी के माध्यम से चिह्न बनाने का काम शुरू हो गया है।

अभी यूनिवर्सिटी की बाउंड्री के लिए पिलर लगाए जा रहे हैं, ताकि यूनिवर्सिटी की जमीन पर कोई कब्जा न कर सके। इसके साथ कंसल्टेंसी टीम सर्वे के अनुसार यूनिवर्सिटी का ब्लू प्रिंट तैयार करने में लगी है। ब्लू प्रिंट तैयार होने के बाद उसे लोनिवि के अभियंताओं को सौंपा जाएगा।

अभियंताओं की राय लेने के बाद उसमें आंशिक फेरबदल भी किया जा सकता है। ब्लू प्रिंट पर मोहर लगने के बाद यूनिवर्सिटी का काम ठेकेदार के माध्यम से कराया जाएगा। यूनिवर्सिटी का ठेका मेरठ स्थित आरसीसी डेवलपर कंपनी को मिला है। 209 करोड़ में कंपनी यूनिवर्सिटी के लिए भवन बनाने का काम करेगी। मुरादाबाद में यूनिवर्सिटी बनाने के लिए चार दशकों से प्रयास जारी था। यूनिवर्सिटी बनने पर दशकों का प्रयास सफल हो जाएगा। अभी तक मुरादाबाद मंडल के विद्यार्थियों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली के चक्कर लगाने पड़ते हैं। विद्यार्थियों को दाखिला फॉर्म, परीक्षा फॉर्म, अंकतालिका के अलावा अन्य दिक्कतों का समाधान करवाना दूभर हो जाता है। खासकर छात्राओं को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ता है। अब मुरादाबाद में विश्वविद्यालय बन जाने के बाद मंडल के 310 महाविद्यालयों के करीब दो लाख 32 हजार 750 विद्यार्थियों को राहत मिलेगी।

यूनिवर्सिटी का काम शुरू करने के लिए तीन दिन पहले डीएम ने लोनिवि के अधिशासी अभियंता से पूछताछ की थी। इस मामले में दो दिन पहले शिक्षा, राजस्व और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक हुई थी। बैठक में हरदासपुर स्थित जमीन का सर्वे करने और बाउंड्री घेरने की योजना तैयार की गई। हरदासपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरु जंभेश्वर राज्य विश्वविद्यालय का निर्माण कराने के लिए चुनाव से पहले शिलान्यास किया था।

# साहित्यिक संस्था बुरहाने सुखन के तत्ववधान में आयोजित मुशायरे में शायरों ने पेश किए कलाम




**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** साहित्यिक संस्था बुरहाने सुखन के तत्वावधान में आयोजित मुशायरे में शायरों ने अपने कलाम पेश कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुनव्वर ताबिश ने नाते पाक से मुशायरे का आगाज करते हुए कहा-दिल में नही है। जिनके मोहब्बत रसूल की, मेहशर में देख लेंगे वो अजमत रसूल की।

शफीक बरकाती ने कहा-अमान ढूंढते हो तुम कहां खिजाओ में, यह सिर्फ मिलती है तैयबा की सब्ज छांव में। जमशेद हलचल ने कहा-रूखी सूखी लाई हो तुम रोटियां मेरे लिए, काट लेती एक दो बेगम मुर्गियां मेरे लिए। शाह आलम रौनक ने कुछ यूं कहा- कितने हमदर्द हैं मत पूछिए मेरे अपने, मेरी आंखों से मेरे ख्वाब चुरा सकते है। अंसार संभली ने कहा-एक मुद्दत से यह मेरा दिल मुज्तरिब है किसी के लिए, वसीम अरहम ने कहा-हर तरफ धुंआ क्यों है रोशनी के दामन में, आदमी परेशां है। जिंदगी के दामन में। अतहर संभली ने कहा-उम्र जिसकी कटी हो फूलों पर, भला कांटो के जख्म क्या जाने। नौशाद अनगढ़ ने कहा-अल्लाह किस गुनाह की मुझको सजा मिली, केसे कटेगी उम्र मेरी तोतली के साथ। नौशाद संभली ने कहा-अब कहीं काफिला सालार नही है हम लोग, ऐसा लगता है वफादार नही है हम लोग। मुशायरे का संचालन कर रहे हकीम बुरहान संभली ने कहा -अब तक तेरी यादों में वो खोया भी नही था, तन्हा था मगर भीड़ में तन्हा भी नही था। कौसर संभली ने कहा-तमाम अहले जुबां थोड़ा इंतजार करें, सलीका सीख रही है अभी जुबां मुझसे। नवाब शुजा अनवर ने कहा-में कहीं जाऊं मुझसे लड़ता है, तू मुझे चाहने लगा है क्या मुशायरे की अध्यक्षता कर रहे शफीक बरकाती ने कहा-रब के इनआम की बरसात हो तो बात अलग, वर्ना मुमकिन ही नही जर्रे का गौहर होना। इस मौके पर हाजी फैसल, जियाउर रहमान अंसारी, मुशायरे के अंत ताहिर सलामी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# लोक अदालत के प्रचार- प्रसार हेतु तहसीलदारों के साथ बैठक



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में जनपद न्यायाधीश के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संभल के निर्देशन में दिनांक 25.06.2024 को जनपद न्यायालय संभल में दिनांक 13.07.2024 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में वादों के निस्तारण के संबंध में तहसीलदार चंदौसी, तहसीलदार गुन्नौर, व श्रमायुक्त चंदौसी के साथ अधोहस्ताक्षरी के विश्राम कक्ष में बैठक आहूत की गयी। अर्चना सिंह, प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, संभल स्थित चंदौसी द्वारा वादकारियों से अपील की गयी कि दिनांक 13.07.2024 में आयोजित होने वाली लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित करायें।

# बेजुबान जानवर को मारने की सूचना पाकर जांच के लिए पहुँचे अधिकारी



**संभल।** थाना सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बेगम सराय में सोमवार की दोपहर कुछ व्यक्तियों द्वारा बेजुबान कुत्ते को मार कर नाली में फेंक दिया था। जिसकी शिकायत बेगम सराय निवासी अरमाना दी, महिला ने की थी शिकायतकर्ता ने आरोप लगाते हुए बताया। कि आरोपी उमर नगमा निहाल रहबर इफराज ने बेजुबान कुत्ते को बेरहमी से मार कर नाली में फेंक दिया है। इतनी बेरहमी से बेजुबान जानवर को मारना गलत है। इस प्रकार से बेजुबान जानवर को मारा है। ऐसे नहीं मारा जाता है। शिकायत का संज्ञान लेते हुए पीएफए विभाग की सचिव मुरादाबाद से रिचा भाटिया संभल पहुंची। और सदर कोतवाली संभल में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की सचिव रिचा भाटिया ने जानकारी देते हुए बताया। कि हमारा उद्देश्य बेबजह किसी पर कार्यवाही कराने का नहीं है। अगर कोई व्यक्ति गलती मान लेता है। तो हमारे द्वारा उससे लिखवा कर आगे से ऐसा नहीं करने का माफी नामा ले लिया जाता है।

# किसान यूनियन ने संगठन विस्तार को लेकर की बैठक



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**रजपुरा।** किसानों ने एक आवश्यक बैठक बुलाई जिसमें संगठन को लेकर विस्तार किया गया जिसमें अनेकों कार्यकर्ता पदाधिकारी बनाए गए। भारतीय किसान यूनियन असली में अफसर अली जिला प्रवक्ता रहे।

उन्होंने भारतीय किसान यूनियन असली को छोड़कर के एकता किसान यूनियन शक्ति संगठन में अपने साथियों के साथ सम्मिलित हुए। उनको एकता किसान यूनियन शक्ति संगठन में प्रदेश प्रवक्ता की जिम्मेदारी मिली लालाराम को ग्राम उपाध्यक्ष रजपुरा राधेश्याम को ग्राम अध्यक्ष रजपुरा शमशेर खॉं ग्राम सचिव रजपुरा सुल्तान सिंह प्रधान पतेई नासिर को सदस्यता ग्रहण कराई।

# जूलियन असांजे की अमेरिका के साथ हुई डील

**वाशिंगटन।** विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे अमेरिकी सरकार के साथ हुए एक समझौते के तहत अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े दस्तावेज लीक करने के मामले में दोष मानने को तैयार हो गए हैं। इस समझौते के तहत जूलियन असांजे की कानूनी लड़ाई खत्म हो जाएगी, जो करीब 15 वर्ष लंबी चली। इसके साथ ही जूलियन असांजे का श्वनवासश् भी खत्म हो जाएगा और वह अपने देश ऑस्ट्रेलिया वापस लौट सकेंगे।



असांजे और अमेरिकी सरकार के बीच क्या समझौता हुआ है और विकीलीक्स का पूरा मामला क्या है ऑस्ट्रेलियाई नागरिक जूलियन असांजे पर आरोप थे कि उन्होंने साल 2०1०-11 में अफगानिस्तान और इराक युद्ध से जुड़े हजारों गोपनीय दस्तावेज सार्वजनिक किए। असांजे ने बगदाद पर अमेरिका की एयरस्ट्राइक का फुटेज भी सार्वजनिक किया, जिसे अमेरिका के सुरक्षा सीक्रेट का सबसे बड़ा उल्लंघन बताया गया। अमेरिका ने जूलियन असांजे पर अमेरिकी सेना के पूर्व खुफिया विश्लेषक चेल्सिया मैनिंग के साथ मिलकर गोपनीय दस्तावेज हासिल करने की साजिश रचने का भी आरोपी बनाया।

चेल्सी मैनिंग को 2०13 में गोपनीय दस्तावेज लीक करने का दोषी ठहराया गया था, लेकिन राष्ट्रपति बराक ओबामा ने साल 2०17 में उनकी 35 साल की जेल की सजा कम कर दी थी। असांजे ने गोपनीय दस्तावेजों के आधार पर अमेरिका, ब्रिटेन और नाटो की सेनाओं पर युद्ध अपराध के गंभीर आरोप लगाए।

अमेरिका ने असांजे पर आरोप लगाए कि उन्होंने अमेरिका की जासूसी की और गुप्त फाइलों को सार्वजनिक कर कई लोगों की जिंदगी को खतरे में डाला। हालांकि जूलियन असांजे हमेशा अपने ऊपर लगे आरोपों को खारिज करते रहे। अमेरिका और विकीलीक्स के संस्थापक के बीच हुए समझौते के तहत असांजे ने अपने ऊपर अमेरिका जासूसी कानून के तहत लगे आरोपों को स्वीकार कर लिया है। समझौते के तहत असांजे को 62 महीने की जेल की सजा सुनाई जाएगी, जो कि असांजे पहले ही ब्रिटेन की जेल में काट चुके हैं।

समझौते के तहत असांजे बुधवार को अमेरिका के उत्तरी मारियाना द्वीप साइपन स्थित कोर्ट में पेश होंगे, जहां उन्हें दोषी ठहराया जाएगा। दोषी ठहराए जाने और सजा के एलान के बाद जूलियन असांजे अपने देश ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना हो जाएंगे। विकीलीक्स एक ऐसी वेबसाइट है, जो देशों, सरकारों और उनकी नीतियों के बारे में महत्वपूर्ण खुफिया जानकारी इंटरनेट पर लोगों को मुहैया कराती है, जो आम तौर पर लोगों को उपलब्ध नहीं होती। विकीलीक्स उस वक्त चर्चा में आई।

## डकैती के दौरान आरोपी ने मारी गई थी गोली

**अमेरिका।** देश में टेक्सास के एक स्टोर में डकैती के दौरान एक 32 वर्षीय भारतीय की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस मामले में टेक्सास की पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। यह घटना अंतरराष्ट्रीय योग दिवस यानी की 21 जून को प्लेजेंट ग्रोव, डलास के गैस स्टेशन सुविधा स्टोर पर घटी। मृतक की पहचान दसारी गोपीकृष्ण के तौर पर की गई है, जो आंध्र प्रदेश का रहने वाला था। वह आठ महीने पहले ही अमेरिका आया था।

पुलिस ने इस मामले में एक 21 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान डेवोंटा मैथिस के तौर पर की गई है। उसने दसारी गोपीकृष्ण को सिर समेत शरीर के कई जगहों पर कई बार गोली मारी थी। पुलिस ने उसपर हत्या का मामला दर्ज किया है। डकैती के दौरान मैथिस स्टोर पर पहुंचा। वह काउंटर के पास गया और गोपीकृष्ण को गोली मार दी। गोली लगने के बाद गोपीकृष्ण गंभीर रूप से घायल हो गया था।

# आतंकी हमले से अब तक बीस लोगों की मौत

**मास्को।** रूस के दागेस्तान में यहूदी धर्म स्थल और चर्च पर हुए आतंकी हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 2० हो गई है। अल जजीरा ने रूस की जांच समिति का हवाला देते हुए यह जानकारी दी है। इसके बाद रूस के उत्तरी काकेशस क्षेत्र दागेस्तान में तीन दिन का शोक घोषित किया गया है।इस हमले में 15 पुलिस अधिकारी मारे गए हैं, जबकि एक पुजारी सहित कई नागरिकों की जान चली गई। हमले में 12 लोग घायल भी हुए हैं।



जानकारी के मुताबिक जवाबी कार्रवाई में 5 हमलावर भी मारे गए हैं। रूसी ऑर्थोडॉक्स चर्च ने जानकारी देते हुए बताया कि आर्कप्रीस्ट निकोलाई कोटेलनिकोव को भी डब्रेंट में क्रूरता पूर्वक मार दिया गया। रविवार को रूसी ऑर्थोडॉक्स चर्च के पेंटेकोस्ट में त्योहार के दिन बंदूकधारियों ने डर्बेंट और माखचकाला शहरों में चर्च, यहूदियों के धर्म स्थल और पुलिस चौकी पर हमला किया दिया था। हमलों की तत्काल किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है। अधिकारियों ने एक आतंकवादी अधिनियम के आरोप में एक आपराधिक जांच शुरू की। इससे पहले देर रात आई विदेशी मीडिया की शुरुआती खबर में इसे आतंकी हमला बताया गया।

फायरिंग में चर्च के पादरी और पुलिस कर्मी समेत सात लोगों की मौत की खबर आई थी। अब मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 16 हो चुका है। वहीं, हमलावरों के खिलाफजवाबी कार्रवाई के दौरान रूस के सुरक्षाबलों ने कई हमलावरों को मार गिराया। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी ज्ें ने कानून प्रवर्तन सूत्रों के हवाले से बताया कि दागेस्तानी के एक अधिकारी को हमलों में उनके बेटों की संलिप्तता को लेकर हिरासत में लिया गया है।

मेलिकोव ने कहा कि क्षेत्र में स्थिति कानून प्रवर्तन और स्थानीय अधिकारियों के नियंत्रण में है। उन्होंने कसम खाई कि हमलों की जांच तब तक जारी रहेगी जब तक कि आतंकवादियों का पता नहीं चल जाता। उन्होंने बिना सबूत दिए दावा किया कि हमलों की तैयारी विदेश से की गई हो सकती है।

क्रीमिया पर हुए हमले को लेकर रूस के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को एक वक्तव्य में कहा कि रविवार को हुए हमले के पीछे ब्रिटेन और अमेरिका का हाथ है। मंत्रालय ने अपने वक्तव्य में कहा कि इन भयानक अपराधों में अमेरिका-ब्रिटेन की संलिप्तता किसी भी संदेह से परे है। अपराधों का जवाब निश्चित रूप से दिया जाएगा।

# संयुक्त राष्ट्र ने हंसा मेहता को दी श्रद्धांजलि

**अमेरिका।** संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने कूटनीति में महिला दिवस के मौके पर भारत की नारीवादी नेता और राजनयिक हंसा मेहता को श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही मानवाधिकारों के सार्वभौमिक डिक्लेरेशन को आकार देने और उन्हें अधिक समावेशी बनाने में उनकी भूमिका की चर्चा की।



हंसा मेहता को मानवता के पर्याय के रूप में पुरुषों के संदर्भ को मनुष्य से बदलने का श्रेय जाता है। संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकारों के सार्वभौमिक डिक्लेरेशन के अुच्छेद 1 में श्सभी पुरुष स्वतंत्र और समान पैदा होते हैं। के वाक्य की जगह श्सभी मनुष्य स्वतंत्र और समान पैदा होते हैंश् बलदने के लिए हंसा मेहता को जाना जाता है।

यूएनजीए अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने कहा कि हंसा मेहता ने इतिहास की बाधाओं को तोड़ा और बहुपक्षवाद को समृद्ध किया। फ्रांसिस ने भावुक होकर सवाल उठाया कि श्क्या मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा आज वास्तव में सार्वभौमिक होती अगर हंसा मेहता ने इसकी शुरुआती पंक्ति में श्सभी पुरुषों से बदलकर सभी मनुष्य करने पर जोर नहीं दिया होता।

यूएनजीए अध्यक्ष ने लैंगिक समानता को आगे बढ़ाने और वैश्विक स्तर पर महिला राजनयिकों को सशक्त बनाने के लिए यूएन की प्रतिबद्धता को भी दोहराया, और अधिक न्यायपूर्ण और समावेशी दुनिया को आकार देने में अपने अपरिहार्य योगदान को मान्यता दी। हंसा मेहता एक प्रमुख भारतीय विद्वान, शिक्षिका, समाज सुधारक और लेखिका थीं। 3 जुलाई, 1897 को जन्मी मेहता महिला अधिकारों की समर्थक थीं।

1946 में अखिल भारतीय महिला सम्मेलन की अध्यक्ष के रूप में, उन्होंने भारतीय महिला अधिकार चार्टर का प्रारूप तैयार करने का नेतृत्व किया, जिसमें भारत में महिलाओं के लिए लैंगिक समानता, नागरिक अधिकार और न्याय की मांग की गई थी। वे संविधान का मसौदा तैयार करने वाली संविधान सभा का भी हिस्सा थीं। साथ ही वे संविधान सभा की सलाहकार समिति और मौलिक अधिकारों पर उप-समिति की सदस्य थीं। सार्वभौमिक घोषणा के प्रारूप को तैयार करने में अग्रणी भूमिका निभाई।

## तकनीकी खराबी की वजह से कराई लैंडिंग

**दक्षिण कोरिया।** देश के सिओल के इनच्योन इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उड़ान भरने के कुछ देर बाद फ्लाइट ज्ञम्189 अचानक कई फीट नीचे आ गई, जिसके बाद इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। इस दौरान कई यात्रियों को सांस लेने में दिक्कत का सामना करना पड़ा। यह फ्लाइट ताइवान के ताइचुंग इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए रवाना हुई थी, लेकिन विमान के दबाव प्रणाली में खराबी के कारण यह अचानक 25,००० फीट से नीचे आने लगा। उड़ान भरने के 5० मिनट बाद विमान जेजू द्वीप के ऊपर से उड़ान भर रहा था, लेकिन तभी दबाव प्रणाली में खराबी के कारण विमान 15 मिनट में ही 26,9०० फीट नीचे आ गया। विमान के अचानक 26,9०० फीट नीचे आने के कारण यात्रियों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ा। किसी के कान में दर्द होने लगा तो किसी को सांस लेने में परेशानी हो रही थी।

# भारत के साथ एफटीए को लेकर लेबर पार्टी तैयार

**लंदन।** ब्रिटेन के छाया विदेश सचिव और लेबर पार्टी के नेता डेविड लैमी ने भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने की अपनी पार्टी की दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि की। साथ ही उन्होंने नई दिल्ली और लंदन के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने पर भी जोर दिया। डेविड लैमी ने कंजर्वेटिव पार्टी की सरकार की भी आलोचना की, जो 2०1० से यूके की सत्ता में है। लेबर पार्टी के नेता ने कंजर्वेटिव पार्टी की सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि उन्होंने भारत के साथ संबंधों को लेकर वादे ज्यादा किए और काम कम किया।




लंदन में इंडिया ग्लोबल फोरम में बोलते हुए लैमी ने कहा, श्हमें अपने संबंधों को फिर से शुरू करने और फिर से शुरू करने की जरूरत है क्योंकि हमारा मानना है कि कंजर्वेटिव बार-बार भारत के मामले में बहुत ज्यादा वादे करते हैं लेकिन काम कम करके दिखाते हैं। कई दिवाली बिना किसी व्यापार समझौते के गुजर गई हैं और बहुत से व्यवसाय प्रतीक्षा में रह गए हैं। मंत्री निर्मला सीतारमण और मंत्री गोयल को मेरा संदेश है कि लेबर आगे बढ़ने के लिए तैयार है।

आखिरकार अपना मुक्त व्यापार समझौता पूरा करें, खत्म करें और आगे बढ़ें। भारत और ब्रिटेन के बीच लंबे समय से मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत हो रही है और ब्रिटेन में चुनाव संपन्न होने के बाद इस पर हस्ताक्षर होने की संभावना है। भारत-ब्रिटेन में एफटीए के लिए अब तक कुल 13 दौर की वार्ता हो चुकी है और 14वां दौर 1० जनवरी, 2०24 को शुरू हुआ। दोनों देशों के बीच व्यापार वार्ता जनवरी 2०22 में शुरू हुई थी। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, वर्तमान में दोनों देशों के बीच सालाना व्यापार लगभग 38.1 बिलियन पाउंड का है।

लैमी ने कहा, यूनाइटेड किंगडम और भारत के बीच संबंधों को सत्ता में बैठे व्यक्ति से आगे जाकर देखना होगा, ये बेहद महत्वपूर्ण हैं। यूके-भारत रणनीतिक साझेदारी जो आर्थिक सुरक्षा, घरेलू सुरक्षा और वैश्विक सुरक्षा पर केंद्रित है। भारत की लोकतांत्रिक संस्थाओं और चुनावी प्रणाली की सराहना करते हुए लेबर पार्टी के नेता ने कहा, श्मेरा मानना है कि लगभग एक अरब मतदाताओं वाले देश भारत के लोकतांत्रिक चुनाव आज के वैश्विक समुदाय में न केवल लोकतांत्रिक आदर्श बल्कि लोकतांत्रिक व्यवहार के लिए अहम हैं।

उन्होंने कहा, श्मैं एनडीए सरकार बनाने के लिए नरेंद्र मोदी को फिर से बधाई देता हूं। अगर हमें सेवा करने का सौभाग्य मिला, तो हम उनके साथ मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं। भारत एक महाशक्ति है, 1.4 अरब लोगों की आबादी वाला, दुनिया का सबसे बड़ा देश, एक आर्थिक महाशक्ति है। ब्रिटेन के छाया सचिव ने भारत के साथ साझेदारी में स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत के लिए काम करने पर भी जोर दिया। ब्रिटेन को ग्लोबल साउथ के साथ फिर से जुड़ने की जरूरत है।

# बच्चे की खोपड़ी में लगा दुनिया का पहला मिर्गी डिवाइस

**इंग्लैंड।** दि तिब्बती बौद्ध आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा घुटनों की सर्जरी के लिए रविवार को न्यूयॉर्क पहुंचे। उनकी यह यात्रा अमेरिकी सांसदों के प्रतिनिधिमंडल की भारत यात्रा के बाद हो रही है। इन सांसदों ने धर्मशाला में दलाई लामा से मुलाकात की थी और उन्हें उस अमेरिकी विधेयक के बारे में बताया था, जिसके तहत अमेरिका यह प्रयास करेगा कि तिब्बत को चीन से आजादी मिले।



दक्षिण-पश्चिम इंग्लैंड का स्कूली बच्चा ओरान नोल्सन दुनिया का पहला ऐसा शख्स बन गया है, जिसकी खोपड़ी में गंभीर मिर्गी के दौरों को काबू करने के लिए न्यूरोस्टिमुलेटर नाम का डिवाइस लगाया गया है। यह डिवाइस दिमाग को गहरे विद्युत संकेत भेजता है। इससे मिर्गी के दौरों में कमी आती है। नोल्सन की सर्जरी अक्तूबर में लंदन के ग्रेट ऑरमंड स्ट्रीट अस्पताल में में 12 साल की उम्र में की गई थी, जो यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन, किंग्स कॉलेज अस्पताल और ऑक्सफोर्ड विवि की साझेदारी में हुए परीक्षण का हिस्सा थी।

सैन्य कार्रवाई और बीते 28 महीने से अधिक समय से जारी युद्ध की मार झेल रहे यूक्रेन की मदद के लिए अमेरिका आगे आया है। अमेरिका युद्धग्रस्त इलाकों में राहत और बचाव कार्य के लिए यूक्रेन को 15० मिलियन डॉलर की मदद करेगा।

कराची विश्वविद्यालय में दर्शनशास्त्र की पढ़ाई कर रहे एक और बलूच छात्र का अपहरण कर लिया गया। अपहरण की घटना उसके गृहनगर पसनी में अंजाम दी गई। बलूच यकजेहती समिति ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, बशीर अहमद का बेटा बहादुर कराची विश्वविद्यालय में दर्शनशास्त्र का छात्र है। ईद की छुट्टियों के दौरान वह पसनी लौट आया था। सुरक्षा एजेंसियों ने उसका रविवार शाम को गृहनगर से ही अपहरण कर लिया।

घटना के बाद बहादुर का परिवार पासनी में धरने पर बैठ गया है। उसने मकरान तटीय राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया है। उन्होंने पसनी के लोगों से एकजुटता से खड़े होने और उसके जबरन गायब किए जाने का विरोध करने का आह्वान किया है। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में शिया समुदाय के एक 55 वर्षीय व्यक्ति की बहुसंख्यक सुन्नी समुदाय के एक 14 वर्षीय किशोर ने चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी। रविवार को यह घटना लाहौर से करीब 17० किमी दूर कुंझा में हुई।

## किंग चार्ल्स की बहन अस्पताल में भर्ती

**लंदन।** ब्रिटेन की 73 वर्षीय राजकुमारी एनी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ब्रिटेन के शाही महल बकिंघम पैलेस की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक गैटकोम्ब पार्क एस्टेट में रविवार को घुड़सवारी के दौरान हुई एक घटना में राजकुमारी एनी के सिर में मामूली चोट आई है।

ब्रिटेन के महाराज चार्ल्स तृतीय की 73 वर्षीय बहन एनी को एहतियात के तौर पर अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनके पूरी तरह ठीक होने की उम्मीद है। बकिंघम पैलेस ने सोमवार को बयान में कहा कि महाराज चार्ल्स मामले की को पूरी जानकारी दी गई है और उन्होंने पूरे शाही परिवार के साथ मिलकर राजकुमारी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। उन्हें ब्रिस्टल के साउथमीड अस्पताल में रखा गया है।

# इस्राइली सेना के हमले में मोहम्मद सलाह ढेर

**जेरुसलम।** इस्राइल वायु सेना के हमले में आतंकवादी मुहम्मद सलाह मारा गया। हमास को हथियारों की आपूर्ति करने में सलाह की अहम भूमिका रही। उसने कई आतंकवादी संगठनों की कमान संभाली हुई थी। इसके अलावा, पिछले दिन आईडीएफ सैनिकों ने कई सशस्त्र आतंकवादियों को मार गिराया, जो उनके लिए खतरा थे। वहीं, सैनिकों ने राफा क्षेत्र में कई सुरंग शाफ्ट को भी नष्ट कर दिया। इस्राइली रक्षा बलों ने आतंकी सलाह की मौत की खबर सोमवार दी।



जानकारी के अनुसार, आईडीएफ की खुफिया जानकारी के बाद इस्राइली वायुसेना ने आतंकी मुहम्मद सलाह को मारने के लिए ऑपरेशन शुरू किया। आईडीएफके अनुसार, सलाह हमास आतंकवादी संगठन के लिए रणनीतिक हथियार विकसित करने की एक परियोजना का हिस्सा था। उसने हमास के कई आंतकी संगठनों की कमान संभाली थी, जो हथियार विकसित करने पर काम करते थे।

आईडीएफ ने राफा क्षेत्र में खुफिया अभियान चलाया हुआ है, जिसके चलते सैनिकों को भारी मात्रा में हथियारों की रिकवरी भी हो रही है। वहीं, आईडीएफ सैनिक मध्य गाजा में अपनी परिचालन गतिविधि जारी रख रहे हैं। उन्होंने इलाके में सक्रिय कई आतंकवादियों की पहचान करने के बाद ड्रोन से हमले करके मार गिराया है। आईडीएफ सैनिकों पर गाजा में तेल अल-सुल्तान क्षेत्र में युद्ध के दौरान गोलीबारी के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले लॉन्चरों को भी नष्ट किया गया है। इस बीच, इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सोमवार को एक बयान जारी किया, जिसमें उन्होंने गाजा में बंधकों की वापसी जैसे आंशिक समझौते के बदले लड़ाई रोकने की पेशकश की।

उन्होंने कहा कि यदि हमास गाजा में बंधकों की वापसी का आंशिक समझौता करता है तो इस्राइल चल रही लड़ाई को रोकने के लिए तैयार है, लेकिन जब तक हमास नष्ट नहीं हो जाता, तब तक युद्ध समाप्त नहीं होगा। बता दें कि इस्राइल-हमास युद्ध की शुरुआत 7 अक्तूबर से हुई।

# गाजा में संघर्ष रोकने पर हो रहा मंथन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने इस्राइल के रक्षा मंत्री के साथ सोमवार को बैठक की। इस बैठक में उन्होंने संघर्ष को और बढ़ने से रोकने के महत्व पर प्रकाश डाला। दरअसल, इस्राइल और लेबनान के बीच तनाव ने मध्य पूर्व में संघर्ष को बढ़ा दिया है।



ब्लिंकन ने गाजा में युद्ध विराम के लिए चर्चा की। इसके अलावा उन्होंने संघर्ष के बाद गाजा में उन्नत सुरक्षा और पुनर्निर्माण पर भी बात की विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने एक बयान जारी किया। उन्होंने कहा, विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने इस्राइल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट से काफी देर तक मुलाकात की।

उन दोनों के बीच गाजा में युद्ध विराम को लेकर बातचीत हुई, जिससे की बंधको की रिहाई सुनिश्चित हो सके। उन्होंने गाजा में मानवीय कार्यकर्ताओं को सहायता पहुंचाने के लिए अतिरिक्त कदम उठाने पर भी जोर दिया। ब्लिंकन ने संघर्ष के बाद गाजा में शासन, सुरक्षा और पुनर्निर्माण को आगे बढ़ाने के लिए चल रहे राजनयिक प्रयासों से गैलेंट को अवगत कराया।

उन्होंने संघर्ष को और अधिक बढ़ने से रोकने और राजनयिक समाधान तक पहुंचने के महत्व को भी रेखांकित किया। ब्लिंकन ने इस्राइल की सुरक्षा के लिए अमेरिका की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

## पुलिस ने चेक किए गाड़ियों के हूटर

**लखनऊ।** यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ के वीआईपी कल्चर समाप्त करने के आदेश को अलीगढ़ के जेडी हेल्थ ठेंगा दिखाते नजर आ रहे हैं। वह हूटर और फ्लैशर लगी सरकारी गाड़ी से निरीक्षण कर रहे हैं। जब जेडी हेल्थ से सीएम के हूटर-फ्लैशर हटाने के आदेश के बारे में पूछा गया तो वह निरूत्तर हो गए। अलीगढ़ में इगलास स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर निरीक्षण निरीक्षण किया। गाड़ियों की चेकिंग के दौरान लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

# अमेरिका को साइंस में भारतीय छात्रों की जरूरत

**वाशिंगटन।** अमेरिका के उप-विदेश मंत्री ने एक बड़ा बयान दिया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि अमेरिका को विज्ञान विषय की पढ़ाई के लिए भारतीय छात्रों की जरूरत है, चीन के छात्रों की नहीं। उन्होंने कहा कि मानविकी जैसे विषयों की पढ़ाई के लिए चीन से आने वाले छात्रों का स्वागत है।



उन्होंने कहा कि अमेरिकी विश्वविद्यालय सुरक्षा चिंताओं के चलते चीनी छात्रों की संवेदनशील तकनीक तक पहुंच को सीमित कर रहे हैं। अमेरिकी उप विदेश मंत्री ने इस बात पर चिंता जताई कि पर्याप्त अमेरिकी छात्र विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग और गणित की पढ़ाई नहीं कर रहे हैं। ऐसे में अमेरिका को इन क्षेत्रों में ज्यादा अंतरराष्ट्रीय छात्रों को भर्ती करने की जरूरत है, लेकिन भारत से न कि चीन से, क्योंकि भारत अमेरिका का महत्वपूर्ण सुरक्षा साझेदार है।

कई वर्षों से चीनी छात्र अमेरिका में पढ़ाई करने वाला सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय छात्रों का समुदाय रहा है। शैक्षणिक वर्ष 2०22-23 में अमेरिका में पढ़ाई करने वाले चीनी छात्रों की संख्या करीब 2,9०,००० रही। हालांकि अमेरिका और चीन के संबंधों में आई गिरावट और अमेरिकी विशेषज्ञता की चोरी की चिंताओं ने दोनों देशों के वैज्ञानिक सहयोग को पटरी से उतार दिया है। इसके चलते अमेरिका में चीनी छात्रों को शक की निगाहों से देखा जाने लगा है। काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस थिंक टैंक के एक कार्यक्रम में कर्ट कैंपबेल ने कहा कि मैं चाहता हूं कि चीनी छात्र बड़ी संख्या में पढ़ाई करने अमेरिका आएं।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक अजरा परवीन द्वारा वेदवीर प्रिन्टर्स, विद्यापीठ पुरम् सिविल लाइन, बदायूं से मुद्रित एवं कार्यालय अमर भास्कर निकट रीजेन्सी होटल लावेला चौक, बदायूं (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादकः अबरार अहमद** (इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन हेतु पी.आर.बी. की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी)। समस्त विवाद बदायूं न्यायालय के अधीन होगें। मोबाइल नं. 9411214614, ई-मेल: **amarbhashkar21@gmail.com, RNI No.:- UPHIN/2021/82941**